हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 18.03.2024 | वर्ष 11, अंक 77 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

गुरु केवल आपको शिक्षा दे सकता है, उसका उपयोग कैसे करना है यह आपके ऊपर निर्भर करता है।

**रोजा का समय**

इफ्तार (18.03.24): शाम 06:01 बजे

सेहरी (19.03.2024) सुबह 04:32 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### यूट्यूबर एल्विश यादव सांप के जहर की तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा थाने की पुलिस ने रविवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को सांप के जहर की तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पिछले साल पुलिस ने नोएडा सेक्टर-39 थाने में एफआईआर दर्ज की थी। एल्विश यादव को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एल्विश यादव के विरुद्ध दिल्ली-एनसीआर में होने वाली पार्टियों में मनोरंजन के लिए सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में पांच अन्य लोगों के साथ मामला दर्ज किया गया था।

### वाहन से टक्कर के बाद 25 फीट ऊंची पुलिया से गिरे पति-पत्नी, मौत

**जयपुर :** जयपुर में दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर रविवार सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार उछल कर 25 फीट ऊंची पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन फरार हो गया। पुलिस ने पति-पत्नी के शव को कावंटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना थाना (वेस्ट) के हैड कांस्टेबल भरत सिंह ने बताया कि हादसे में राजेंद्र प्रसाद वर्मा पुत्र मालीराम वर्मा और उनकी पत्नी संजू लता वर्मा निवासी उदयपुरिया गांव हरमाड़ा की मौत हो गई। प्राइवेट जॉब करने वाले राजेन्द्र की पत्नी संजू लता 20 फरवरी को अजमेर में सैकेंड ग्रेड टीचर लगी थी। रविवार सुबह संजू लता का कॉम्पिटिशन एग्जाम का पेपर था। संजू लता को बाइक पर बिठाकर पति राजेन्द्र कुमार पेपर दिलाने सांगानेर ले जा रहे थे। सुबह करणी विहार थाना क्षेत्र में खिरणी फाटक के पास एक्सप्रेस हाईवे पर अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की पति-पत्नी पुलिया से 25 फीट नीचे गिरने से लहूलुहान हो गए। दोनों को राहगीरों ने हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### मुठभेड़ में मारा गया आठ लाख का इनामी नक्सली

**कांकेर:** जिले के धुर नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलपरस के जंगल में हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शव की पहचान आठ लाख के इनामी नक्सली कमांडर मनकेर के रूप में हुई है। शव के साथ मौके से एलएमजी रायफल के साथ ग्रेनेड व विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार देर रात डीआरजी की टीम चिलपरस के जंगल से कोयलीबेड़ा वापस पहुंची। कांकेर एसपी आइके एलेसेला ने आज रविवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि नक्सली कमांडर राजू सलाम के मौजूदगी की सूचना पर जवानों की टीम शनिवार को चिलपरस के जंगल में सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से जवानों का मुठभेड़ हो गया। दो घंटे चली मुठभेड़ के बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। इसके बाद जवानों को मुठभेड़ स्थल से वर्दीधारी नक्सली का शव मिला। जिसकी पहचान नक्सली कमांडर मनकेर के रूप में हुई है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पर आठ लाख का इनाम घोषित है। जवानों ने मौके से मुठभेड़ स्थल से वर्दीधारी नक्सली के शव के साथ बिजीएल देशी लॉन्चर, नौ बिजीएल सेल, 12 बोर राउंड 11, 303 राउंड एक, वॉकी-टॉकी, नक्सलियों की वर्दी सहित सहित अन्य दैनिक नक्सल सामग्री बरामद किया है।

### अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनावों में हुआ बदलाव, 4 जून को नहीं होगी मतगणना

**नई दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में बड़ा बदलाव किया है. यहां मतदान के बाद अब मतों की गिनती लोकसभा चुनावों के साथ 4 जून की जगह 2 जून को होगी. अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों के नतीजे अब दो लोकसभा चुनावों के नतीजों से दो दिन पहले आ जाएंगे. मतगणना की तारीख बदलने के पीछे निर्वाचन आयोग ने तर्क दिया है कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम, दोनों विधान सभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है और संविधान के अनुच्छेद 324, अनुच्छेद 172 (1) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 15 के अनुसार, निर्वाचन आयोग को संबंधित कार्यकाल की समाप्ति से पहले चुनाव कराने आवश्यक हैं।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23° |
| न्यूनतम | 10° |

जेपीएससी परीक्षा में परीक्षार्थियों ने लगाया प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप

# जामताड़ा, चतरा व धनबाद में हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेपीएससी की 11वीं, 12वीं और 13वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को ली गई. इस दौरान जामताड़ा, चतरा और धनबाद में परीक्षार्थियों ने हंगामा किया. परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाया. प्रशासनिक अधिकारी परीक्षार्थियों को समझाने की कोशिश करते रहे. जेपीएससी द्वारा लिए जा रहे सिविल सेव परीक्षा में जामताड़ा के मिहिजाम स्थित जेजेएस डिग्री कॉलेज सेंटर पर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया. छात्र एग्जाम हॉल से निकल गए और जमकर हल्ला मचाना शुरू कर दिया. पेपर लीक होने का आरोप लगाने लगे.मिहिजाम जेजेएस कॉलेज में हंगामे की खबर सुनकर जामताड़ा एसडीओ आनंत कुमार अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे छात्रों से मामले की जानकारी लेना चाहा, लेकिन छात्रों और एसडीओ के साथ तू-तू-मैं-मैं होने लगी. एसडीओ ने लाख समझाने का प्रयास किया, लेकिन परीक्षार्थी मानने को तैयार नहीं थे कि जेपीएससी की परीक्षा स्वच्छ और पारदर्शी तरीके से हो रही है. हालांकि एसडीओ उनकी भावना को देखते हुए रिपोर्ट आयोग को देने की बात कर रहे थे, लेकिन फिर भी हंगामा मचा रहे परीक्षार्थी परीक्षा देने को तैयार नहीं हो रहे थे. जेपीएससी की परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी का आरोप है कि परीक्षा का पेपर लीक हो गया है. छात्रों का कहना है कि परीक्षा देने से पहले ही पेपर लीक हो गया. प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा एवं प्रशासनिक सूत्रों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई, ना ही प्रशासनिक पदाधिकारी इसे लेकर किसी भी तरह का बयान दिए. इधर चतरा में परीक्षार्थियों ने पेपर लीक होने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया है. चतरा के उपेंद्रनाथ वर्मा कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर जेपीएससी अभ्यर्थियों ने हंगामा किया है. उन्होंने प्रिंसिपल पर पेपर लीक करने का आरोप लगया. छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र के सील पहले से खुले हुए थे. हालांकि प्रिंसिपल ने छात्रों के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. वहीं धनबाद के पुटकी राजकीय उच्च विद्यालय में भी जेपीएससी अभ्यर्थियों ने हंगामा किया है. हालांकि वहां मीडिया को स्कूल में प्रवेश करने से पुलिस ने रोक दिया.

### मामले की उच्च स्तरीय जांच हो : बाबूलाल

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी पेपर लीक की आ रही खबरों के बाद पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोहराया कि सत्ता से संरक्षित भ्रष्टाचार और अपराध को रोके बिना इस तरह की घटनाओं को नहीं रोका जा सकता.बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब पैसे लेकर नौकरियां दी जाएगी, तो इस तरह की घटनाएं होती रहेगी.



**जेपीएससी की 11वीं, 12वीं और 13वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को ली गई.**

**छात्रों का कहना है कि परीक्षा देने से पहले ही पेपर लीक हो गया.**

### छात्रों ने कहा प्रश्न पत्र का सील पहले से खुला था

छात्रों का कहना था कि नियम के अनुसार छात्रों के सामने ही प्रश्नपत्र के पैकेट का सील खोलना चाहिए था, लेकिन चतरा के उस सेंटर पर प्रश्न पत्र का सील पहले से खुला था. छात्रों का आरोप है कि जब उन लोगों ने इस मुद्दे को उठाया तो कॉलेज प्रबंधन के लोग उल्टे अभ्यर्थियों के साथ बदतमीजी करने लगे. वहीं मामले में कॉलेज के प्राचार्य धनेश्वर राम ने कहा कि कंट्रोल रूम में परीक्षा अवधि में ही नियमानुसार प्रश्न पत्र को खोला गया है. इस प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई है.

## दत्तात्रेय होसबाले दूसरी बार चुने गए संघ के सरकार्यवाह



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में सांगठनिक कार्य विस्तार में और तेजी लाने के उद्देश्य से पांच के बजाय इस बार छह सह सरकार्यवाह बनाए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को यह निर्णय लिया गया। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक दत्तात्रेय होसबाले लगातार दूसरी बार अगले तीन वर्षों के लिए सरकार्यवाह के पद पर चुने गए हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने सहयोगी के तौर पर नई अखिल भारतीय कार्यकारिणी में इस बार छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए हैं। निवर्तमान कार्यकारिणी में पांच सह सरकार्यवाह थे, जिसमें से चार को नई कार्यकारिणी में भी बरकरार रखा गया है। इसी के साथ दो नए सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं।जिन दो नए पदाधिकारियों को सह सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया है उनमें अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख आलोक कुमार और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अतुल लिमये शामिल हैं। बाकी चार सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार और रामदत्त चक्रधर पिछली कार्यकारिणी में भी थे। निवर्तमान कार्यकारिणी में सह सरकार्यवाह रहे डॉ. मनमोहन वैद्य को अखिल भारतीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

## पीएम मोदी ने मंत्रियों से मांगा अगले 5 साल का रोडमैप



**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनावों की घोषणा के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने अपने मंत्रियों को नई सरकार के अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना और अगले पांच वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रीयों से कहा कि वह अपने अधिकारीयों,सचिव से अपने मंत्रालय के नई सरकार के गठन के पहले 100 दिन और अगले 5 वर्ष का रोडमैप तैयार करें.प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि यही सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप/खाका तैयार करें.बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिनों के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा. सरकार की प्राथमिकताओं और रणनीतियों पर केंद्रित ये दस्तावेज़ कैबिनेट सचिवालय को सौंपे जाने हैं.मंत्रिमंडल की बैठक में, भारत

**पीएम ने कहा कि सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप/खाका तैयार करें.बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिनों के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा.**

निर्वाचन आयोग द्वारा अपनी कार्यवाहियों में सिफारिश की जाने वाली तारीखों पर, लोक सभा के सदस्यों के निर्वाचन हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 14 की उपधारा (2) के अधीन सांविधिक अधिसूचनाओं को जारी करने हेतु राष्ट्रपति से सिफारिश करने के लिए अनुमोदन किया गया.कैबिनेट की बैठक आम चुनाव की घोषणा के ठीक एक दिन बाद हुई. शनिवार को निर्वाचन आयोग ने 7 चरणों में चुनाव की घोषणा की, नतीजे 4 जून को घोषित होंगे.

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री, गैंगस्टर गिरफ्तार



**एजेंसी**

**फिरोजाबाद :** लोकसभा चुनाव से पूर्व पुलिस थाना उत्तर पुलिस टीम ने रविवार को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार कर बने, अधबने असलाह व उपकरण बरामद किए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना उत्तर प्रभारी वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी उन्होंने सूचना पर कैलाश नगर हरिओम शर्मा के मकान के पास अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने मौके से एक शातिर अभियुक्त राहुल ओझा पुत्र शिशुपाल ओझा निवासी संतोष नगर, थाना

उत्तर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से तीन तमंचे 12 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, तीन अदद तमंचा 315 बोर व 05 अदद अधबने तमंचे (कुल 11 अदद तमंचा) मय तमन्चा बनाने की मशीन एवं तमंचा बनाने के उपकरण तथा 09 लोहे के नाल बनाने के पाइप, 11 अदद लोहे की स्प्रिंग उपकरण एक पंखा, एक गोल रिंच, 03 लोहे की रेती , 02 सडासी , 02 हथोड़ा , 03 लोहे की छैनी, एक हाथ की ड्रिल मशीन, एक लोहे का स्टैण्ड, 04 लोहे की वर्मी, एक लोहे की आरी मय 04 ब्लैड, एक पैचंकस , 02 अदद ग्रिनान्डर पत्थर, करीब 01 किलो लकड़ी का कोयला, तीन रेगमाल के पत्ते, एक छोटी बैटरी मय एलईडी बल्ब, भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

एएसपी ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि चुनाव का समय आ गया है। देशी कट्टों की मांग बढ़ जाती है। इसलिये मैं यहां फैक्ट्री चला रहा था और आगामी चुनाव मे ऊंचे दामों मे बेचने के लिए यहां असलाह बना रहा था और समय आने पर ऊंचे दामों में इन्हें बेच देते।

मुंबई में हुआ भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन

## बीजेपी शोर मचाती है, उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**मुंबई :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी शोर बहुत मचाती है. उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है. राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है. राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा,भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है. सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है. वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो अभिव्यक्तियों के बीच है.उन्होंने कहा, कोई सोचता है कि देश एक केंद्र से चलना चाहिए, जहां एक व्यक्ति के पास सारा ज्ञान है.



**यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी. कार्यक्रम में झारखंड के सीएम चम्पाई सोरेन, एनसीपी नेता शरद पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला, आप नेता सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेता मौजूद रहे।**


इसके विपरीत, हम सोचते हैं कि शक्ति का विकेंद्रीकरण होना चाहिए और लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए. राहुल ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास आईआईटी की डिग्री है तो इसका यह मतलब नहीं है कि उसके पास किसी किसान के मुकाबले ज्यादा ज्ञान है. लेकिन भाजपा इस तरह काम नहीं करती है.शनिवार को कांग्रेस सांसद ने मध्य मुंबई में डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक चैत्यभूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके और संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपनी 63 दिवसीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन किया.

यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी. कार्यक्रम में झारखंड के सीएम चम्पाई सोरेन, एनसीपी नेता शरद पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला, आप नेता सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेता मौजूद रहे।

## भारतीय नौसेना के आगे समुद्री लुटेरों ने टेके घुटने

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने एक अभियान में 35 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पकड़कर 17 बंधकों को मुक्त कराया. जिसके बाद रविवार को नौसेना की तरफ से बताया गया कि ये कार्रवाई हिंद महासागर में शांति और स्थिरता को मजबूत करने के लिए की गयी है.नौसेना ने शनिवार को एक अभियान में भारतीय तट से लगभग 2,600 किलोमीटर दूर पूर्व में माल्टा के ध्वजांकित व्यापारिक जहाज रुएन को जब्त कर लिया. नौसेना ने करीब 40 घंटों के इस ऑपरेशन के दौरान आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा और सी गार्जियन ड्रोन को तैनात किया. इसको सफल बनाने के लिए सी-17 विमान से स्पेशल मार्कोस कमांडो को उतारा गया. नौसेना ने बताया कि एमवी रुएन को सोमालियाई के समुद्री डाकुओं ने 14 दिसंबर को अपहरण कर लिया था. हालांकि अभी तक एमवी रुएन की समुद्री यात्रा की क्षमता का आकलन किया जा रहा है और पोत पर लगभग 37,800 टन का माल लदा हुआ है. जिसकी कीमत करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर है. अब इस जहाज को



सुरक्षित भारत लाया जाएगा. सेना द्वारा किये गए इस ऑपरेशन के बारे में विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले लगभग सात सालों में सोमालिया के समुद्री डाकुओं से किसी जहाज को इस तरह से छुड़ाने का ये पहला अभियान है.यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में मालवाहक जहाजों पर बढ़ते हमलों के बाद रणनीतिक जलमार्गों पर निगरानी रखने के लिए नौसेना ने 10 से अधिक युद्धपोत तैनात किए हैं. नौसेना ने बताया कि आईएनएस कोलकाता ने बुधवार सुबह रुएन को रोका था जिससे ड्रोन के जरिए सशस्त्र समुद्री डाकुओं की मौजूदगी की पुष्टि कर ली गयी थी. आगे उन्होंने बताया कि डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी शुरू कर दी.

**समुद्री लुटेरों का आत्मसमर्पण:** इसके बाद सी-17 विमान से मार्कोस कमांडो उतारा गया जिन्होंने जहाज को जब्त कर लिया और समुद्री डाकुओं को पकड़ लिया साथ ही रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को रिहा करा लिया गया. 40 घंटों तक चले इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना के लगातार दबाव और सुनियोजित कार्रवाई के कारण सोमालिया के सभी 35 समुद्री डाकुओं ने आत्मसमर्पण कर दिया.

### राज्य सरकार ने 16 डीएसपी को एएसपी रैंक में दी प्रोन्नति

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार ने 16 डीएसपी को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रैंक में प्रोन्नति दी है। इनमें दीपक कुमार, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, रौशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, बिरेन्द्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाईक, खीस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरवार, हीरा लाल रवि, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार और अमित कुमार शामिल है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामुहिक रूप से विनती प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया.सत्संग में धृतिसुन्दर लाल, गीता देवी, सुजन्ती कुमारी, चंचला गुप्ता ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया. इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि प्रेम करना, दूसरे के गुणों का वर्णन करना इत्यादि सभी आंतरिक ज्ञान है.उन्होंने कहा कि मन मे हम जैसा भाव रखते हैं, ठीक उसी भाव को हम दूसरों में देखते हैं. अपने गुरु का आदेश ही सर्वोपरि है. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे श्री श्री ठाकुर जी पुरुषोत्तम है.उनकी दीक्षा ग्रहण करना चाहिये.उनके द्वारा प्रदत्त सतनाम का हमेशा स्मरण करना चाहिये. निःस्वार्थ भाव से इष्टभृति करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी जीवों के साथ प्रेम करना एक व्यवहारिक ज्ञान है। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि अपने आदर्श पर जिस प्रकार विश्वास करेंगे, ठीक उसी प्रकार उनमें दर्शन होगा.अपने आदर्श पर यदि हम ईश्वर के रूप में विश्वास करते हैं तो हम आदर्श में ईश्वर को देखते हैं. विश्वासी का संग करने से हम में विश्वास बढ़ता है.यदि हम अपने आदर्श जो सत्य है,उनपर विश्वास करते हैं तो हम भी सत्य हो जाते है.याजक राजकुमार दा ने कहा कि गुरु की सेवा करने से अहंकार पतला होता है.ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ जीवन लाभ करने के लिये एक साथ भोजन करना चाहिये। सत्संग के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में ब्रजेश तिवारी, प्रमोद चौबे, संजय दा, अजय दा, शिवकुमार, उमेश सिंह, राहुल कुमार, गोविन्द दा, मनोज कुमार, श्रीकांत, राकेश, वृंदा देवी, प्रभा देवी, निर्मला जायसवाल, सतवंती देवी, बबिता सिंह, पूजा देवी, रीना देवी, विमला देवी, स्वाती देवी, लीलावती देवी, राजन कुमार, उत्कर्ष, धृतिदीप्त, लक्ष्य सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## माह -ए-रमजान के महीना को इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र व पाक महीना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** माह -ए-रमजान के महीना को इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र एवं कुरान ए पाक का महीना भी कहा जाता है। उक्त बातें झामुमो अल्पसंख्यक जिला सह सचिव लालबाबू खान ने कही। उन्होंने कहा कि रमजान महीने का रोजा कोई इंसान बिना किसी वजह के छोड़ दे तो वह पूरी जिन्दगी रोजा रखकर भी उसका सवाब नहीं पा सकता है. उन्होंने कहा कि रोजे का मतलब होता है अपने को बुराइयों से बचाते हुए भलाई को अपनाना, इंसान रोजा रखकर ऐसा बनने की कोशिश करता है. रमजान का महीना बेहद पाक व रहमतों वाला होता है.उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह बंदों के लिए रहमतों के दरवाजे खोल देता हैं. उन्होंने कहा कि रोजा इसलिए रखा जाता है कि भूख प्यास, का एहसास हो और लोग अपनी रक्त पर काबू करना सीख सके.ऐसा करने से आपको दूसरों की भूख का भी एहसास हो सके. रोजा भूखे प्यास रहने का नाम नहीं है, रोजा इंसान के जिस्म के हर हिस्से का होता है.आंख का रोजा मतलब गलत मत देखो, कान का रोजा का मतलब गलत मत सुनो, रोजे के दौरान जो बात सबसे खास होती है कि रोजे के समय रोजेदार कोई गलत काम न ही करे.रोजा रखने वाले इंसान को हमेशा बुराई तोबा करते रहना चाहिये.उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में पाक ए कुराअन, शरीफ, उतारा गया था।

## जेपीएससी पेपर लीक मामला को लेकर आजसू प्रवक्ता ने जताया विरोध



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा की पीटी परीक्षा का रविवार को प्रश्न पत्र लीक होने का मामला जामताड़ा, चतरा सहित अन्य स्थानों से सामने आ रहा है।जिस पर छात्रों ने जमकर हंगामा भी किया हैं। इस मुद्दे को लेकर आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरख नाथ चौधरी ने सरकार से मांग की है कि प्रश्न पत्र लीक मामले पर ठोस एवं उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहीं ना कहीं यह मामला सरकारी तंत्र की विफलता एवं सरकार की विफलता को दर्शाता है और छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकार को दोषियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करना चाहिए। इस सरकार में लगतार पेपर लीक का ममला आ रहा है। सरकार नही चाहती है की झारखंड के युवा युवती को रोजगार मिले और झारखंड के बच्चे आत्मनिर्भर बने पेपर लीक ममला बहुत ही निंदनीय है। सरकार इस मामले पर संज्ञान ले और दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें।

## दिल्ली में काम करने गये मजदूर की मौत, पुरा गांव में छाया मातम

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पंचायत के खैरादोहर के सिल्दा खुर्द के 55 वर्षीय गुलमान साव की दिल्ली मे काम गये मजदूर की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत खबर मिलते ही गाँव मे शोक के लहर छायी गई। मृतक गुलमान साव घर मे एकलौता कमाऊ सदस्य थे अपने पीछे दो लड़की और तीन लड़के छोड़ गये। मृतक के परिजनों के रो रो कर बुरा हुआ है। मौत के खबर सुनते ही समाज सेवी पंकज कुमार ,पंचायत के मुखिया पातो देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार यादव सहित जन प्रतिनिधिगण पहुंचकर परिजनों की सांत्वना एवं ढाढस दिया।

## खरौंधी प्रखंड में 1080 नवसाक्षरों ने दी बुनियादी परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को खरौंधी प्रखंड के 9 पंचायतों में आयोजित आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न हुई। इसमें 1200 नवसाक्षरों को परीक्षा में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमे 1080 नवसाक्षरों ने परीक्षा दिया।पंचायत मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने केंद्राधीक्षक के रूप में परीक्षा संपन्न कराई। वहीं साक्षरता प्रेरक वीक्षक की भूमिका में कार्य किए। परीक्षा के दौरान संबंधित प्रखंड के प्रखंड समन्वयक रंजु गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस क्रम में प्रखंड के मझिगावां, सुंडी, राजी, करिवाडीह, खरौंधी, चंदनी, सिसरी, अरंगी, कूपा पंचायत के परीक्षा केंद्रों में प्रखंड समन्वयक रंजू गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। खरौंधी प्रखंड में नवसाक्षरों की आकलन सह जांच परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस दौरान केंद्राधीक्षक कामेश्वर प्रसाद सिंह, अनिल कुमार तिवारी, मोतीचंद जायसवाल, गोविंद उराँव, नसीम अंसारी, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सतेंद्र दास, जितेंद्र सिंह, दीनानाथ राम सहित वीक्षक बिनोद कुमार चौधरी, पुनमलता कुमारी, रिंकू कुमारी, माया आजाद,सलोना कुमारी, नजरे आलम, इंदु देवी, लीलावती कुमारी, रविता कुमारी, संध्या कुमारी, अशोक ठाकुर, सुशील यादव, शिवनाथ प्रसाद यादव, शम्भूनाथ दुवे, मंटू श्रीवास्तव सहित भीटी आदि लोग उपस्थित थे।

## कस्तूरी मसाला मिक्स के डुप्लीकेट नमकीन पर छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजधानी रांची स्थित बालाजी फूड प्रोडक्टस के क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक सियाराम सिंह ने अपनी टीम के साथ कस्तूरी मसाला मिक्स के डुप्लीकेट बना कर बिक्री किए जा रहे नमकीन का निरीक्षण बंशीधर नगर अनुमंडल सहित अन्य जगहों पर रविवार को किया.इस दरम्यान उन्होंने थोक एवं खुदरा विक्रेताओं से डुप्लीकेट कस्तूरी न बेचने का आग्रह भी किया साथ ही यह भी बताया कि टाटीसिलवे इंडस्ट्रियल एरिया रांची स्थित बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के लोकप्रिय उत्पाद फैंटास्टिक कस्तूरी मसाला मिक्स का नकली उत्पाद बना कर कस्तूरी के ही नाम से उसी रंग-रूप में बिक्री पिछले कई महीनों से कुछ निर्माताओं द्वारा की जा रही है.उन्होंने कहा की नकली उत्पाद की गुणवत्ता निम्न स्तर की होने के कारण उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने का खतरा है.कहा कि कम्पनी इस धोखाधडी को संज्ञान में लेते हुए ऐसे डुप्लीकेटर निर्माताओं व उनके डिस्ट्रीब्यूटर, थोक विक्रेता-गण को चिन्हित कर करवाई करने की दिशा में अग्रसर है.जिसे लेकर लगातार छापेमारी कर कानूनी करवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ता व विक्रेताओं से डुप्लीकेट कस्तूरी नमकीन की खरीद बिक्री नही करने की भी अपील की। मौके पर क्षेत्रीय उप विक्रय प्रबंधक निरंजन सुमन, रवि गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चोरों ने दिखाई साहस थाना के सामने से की बाइक की चोरी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना के सामने बाइक चोर ने अपनी साहस का परिचय देते हुऐ हुसैनाबाद थाना के समीप लगी बाइक की चोरी कर ली, इस बाइक की चोरी की घटना को लेकर गांव लमार थाना हुसैनाबाद निवासी धीरेंद्र यादव ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है, आवेदान में कहा है की अपनी बहन को परीक्षा दिलाने के लिय उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद अपने बाइक हीरो स्पलेंडर प्लस जिसका नंबर जेएच 03 क्यू, 3654 से आया था मैं अपनी बाइक को थाना गेट से कुछ दूरी पर खड़ा कर जपला शहर के होटल में नाश्ता करने चला आया, क़रीब 11.30बजे सुबह जब वहां पहुंचा तो देखा की मेरा बाइक वहां पर नहीं था मैं अपने स्तर से काफ़ी खोजबीन की पर कोई सुराग नहीं मिला, लिखित आवेदन मिलने के बाद पुलिस बाइक चोरों की खोजबीन शुरू कर दी है।

## प्रोफेसर स्वर्गीय बैकुंठ प्रसाद सिंह के सातवीं पुन्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ऊपरी कला पंचायत के भैरोपुर गांव में प्रोफेसर स्वर्गीय बैकुंठ प्रसाद सिंह के सातवीं पुण्यतिथि पर उपरी कला पंचायत वासियों ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया मौके पर समाजसेवी पप्पू कुमार सिंह उर्फ सैनिक सुधिर कुमार सिंह ने कहा कि प्रोफेसर स्वर्गीय बैकुंठ प्रसाद सिंह ने अपने जीवन काल में गरीबों के मसीहा थे जो उचित समय पर गुणवत्ता की और गरिमा बनाए रखें जो उनके पुन्य तिथि सौभाग्य प्राप्त है मौके पर कृष्णा प्रसाद सिंह लालु प्रसाद सिंह विश्वनाथ प्रसाद सिंह प्रोफेसर संजय कुमार सिंह अभय कुमार सिंह उदय कुमार सिंह अरविंद कुमार सिंह विनय कुमार सिंह सुरेश कुमार सिंह अमिन महेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आंखे अनमोल है, उसकी ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आज नेत्र रोगियों के बीच मुफ्त दवा और चश्मा का वितरण किया गया। चश्मा और दवा का वितरण विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नेत्रों की ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है.इसी सोच के तहत लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल क्षेत्र में हर वर्ष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाते रहता है। आगे भी समय व जरूरत के अनुसार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा की एलसीएमएच मे सभी तरह का ऑपरेशन निशुल्क किया जा रहा है, जैसे बच्चेदानी, हर्निया, अपेंडिस, नॉर्मल डिलीवरी, ऑपरेशन से प्रसव आदि। कई तरह के जांच भी निशुल्क है। मौके पर नेत्र सर्जन डॉ दीपक लकड़ा, डॉ राजीव कुमार गुप्ता, प्राचार्य बिबेक कश्यप, डा कुंदन, डा आशुतोष, डा प्रकाश श्रीवास्तव, डा ज्योतिका श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट नीतीश कुमार, सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## आरसी पब्लिक स्कूल खैरा में वार्षिक उत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखण्ड के सुदुरवर्ती ग्राम पंचायत कोशी अंतर्गत खैरा गांव में आर सी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव के मौके पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य दिलीप कुमार पाल व मंच संचालन उसी गांव के पारा सहायक शिक्षक बैजनाथ पासवान ने की वहीं मौके पर बतौर मुख्यातिथि रविन्द्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामकेश्वर भगत अजय प्रसाद गुप्ता आदि कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप्रज्वलित कर की, वंही सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद शहर से 15 किलोमीटर दूर सुदुरवर्ती गाँव के बच्चों को शिक्षा देना बहुत पुण्य का कार्य हैं, इस इस स्कूल के संचालित करने वाले शिक्षक व सहयोग करता सभी धन्यवाद के पात्र हैं।वही स्कूली बच्चों ने गीत के माध्यम से आये हुए अतिथियों को स्वागत किया साथ ही एक से बढ़कर एक नृत्य और संगीत को पेश कर सबका मनमोह लिया मौके पर मनोज कुमार सिंह, कृपा नाथ पाठक, अरुण कुमार, रंजीत कुमार सिंह, सुष्मिता कुमारी, निशु कुमारी,सीमा कुमारी, संगीत कुमारी, कंचन कुमारी सहित भारी संख्या ग्रामीण अभिभावक मौजूद थे।

## हुसैनाबाद क्षेत्र में कक्षा आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद कन्या उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को झारखंड अधिविद्य परिषद के 2024 की आठवीं कक्षा बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ जिसमें हुसैनाबाद के विभिन्न उत्क्रमित मध्य विद्यालय से छात्र छात्राओं ने बिषय हिन्दी साहित्य संस्कृत भाषा उर्दू भाषा में हुए सामिल वहीं आठवीं कक्षा बोर्ड की परीक्षा में छात्र छात्राओं काफी उत्साहित दिखाई दिए मौके पर कन्या उच्च विद्यालय परिसर के प्रार्चाय प्रेम प्रकाश सिंह सहित अन्य विद्यालय के शिक्षक गुणवत्ता के साथ अहम भूमिका निभाने सफल रहे।

## उपायुक्त गढ़वा से बीडीसी ने किया कनीय अभियंता पर कार्रवाई करने की मांग

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड अंतर्गत परती कुशवानी पंचायत के पूर्वी पंचायत समिति सदस्य रेशमा देवी ने गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को पत्र देकर पंचायत में कार्यरत कनीय अभियंता राजू कुमार पर कार्रवाई करने की मांग किया है। दिए गए आवेदन में उक्त पंचायत समिति सदस्य द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि कनीय अभियंता राजीव कुमार द्वारा बिना रिश्वत लिए कोई भी कार्य पंचायत में नहीं किया जाता है। जिसका मामला पूर्व के पंचायत समिति के बैठक में भी उठाया गया था साथ ही संबंधित पंचायत के लाभुक के द्वारा भी लिखित शिकायत पूर्व के बीडीओ मुकेश मछुआ से किया गया था जिस पर उक्त बीडीओ के द्वारा प्रशासनिक कार्य के दृष्टिकोण से संज्ञान लेते हुए ज्ञापन 727 दिनांक 13-10-2023 को परती कुशवानी पंचायत का संपूर्ण प्रभार कनीय अभियंता अमर भारती को देने के लिए आदेश पत्र जारी किया गया था। परंतु पांच महीना बीत जाने के बाद भी उक्त कनीय अभियंता राजू कुमार के द्वारा पंचायत का प्रभार आवंटित कनीय अभियंता को नहीं दिया गया। जिसे लेकर संबंधित पंचायत समिति सदस्य उपायुक्त गढ़वा से आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## केरसई थाना में होली मिलन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई थाना में होली त्यौहार को लेकर होली मिलन समारोह सह शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण रहा है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण होली का त्योहार मनाना है किसी भी तरह का जोर जबरदस्ती लोगों को नहीं करना है शराब पूर्णतयः प्रतिबंध रहेगी, आपसी भाईचारा के साथ होली का त्योहार मनाना है युवा वर्ग हुड़दंग से बचें। सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि केरसई का गौरवपूर्ण इतिहास के अनुरूप होली का त्यौहार मनेगा सभी जाति धर्म के लोग आपसी भाईचारा के साथ होली का त्यौहार मनाते हैं इस बार भी मनाएंगे किसी भी तरह के अफवाह पर लोग ध्यान ना दें और कोई भी घटना दुर्घटना होने पर प्रशासन को सूचना दें मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेमा बड़ा मुखिया मनुएवल एका ब्लासियूस खेस प्रणव कुमार दैनिक भास्कर संवाददाता संदीप कुमार गौतम कुमार बासेन मुखिया सत्या देवी मुखिया मुंश खेस अरविंद कुमार राजेश कुमार संभु प्रसाद उपेंद्र कुमार बसारत अंसारी जेफीन केरकेट्टा शंकर साहू सहित गण्यमन मौजूद थे।

## हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने की कोशिश करे : प्रमुख बिपिन पंकज मिंज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड में लगातार जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ घर में रखा हुआ धान को जमकर नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एव प्रखंड प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने दुमकी पंचायत के ढोडीबहार एव छूरिया गांव का भ्रमन कर हाथीयो से पीड़ित परिवार सूजन लुगुन, और सिलधर मांझी से मुलाकात करते हुए उन्हें 25-25 किलो चावल दिया। साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि आज जो समस्या है वह हांथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की है आज जंगलों में हांथियों के खाने का पेड़ पौधे वा भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गाव घर में हमला कर रहे हैं। हांथी आने की खबर मुझ तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने की कोसिस करे। साथ ही विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कराकर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया कराया जाएगा।

**संक्षिप्त खबरें**

## जेएसएससी पेपर लीक की तरह फिर एक बार राज्य में हुआ जेपीएससी पेपर लीक : नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** झारखंड के कई जिलों से जीपीएससी के परीक्षा का पेपर लीक सूचना लगातार सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से मिल रहा है और यह निश्चित हो गया है कि इस बार भी जेएसएससी पेपर लीक की तरह जेपीएससी का भी पेपर लीक हुआ है। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कही। उन्होंने कहा कि यह काफी दुखद और शर्मनाक घटना है। जेपीएससी के छात्रों के साथ राज्य सरकार ने एक बार फिर गंदा मजाक किया है। जिस तरह से राज्य सरकार आनन-फानन में जीपीएससी की परीक्षा को आयोजित करने की कोशिश कर रही थी इसके पीछे कोई ना कोई षड़यंत्र जरूर रहा होगा। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि चतरा, जामताड़ा, देवघर जैसे कई जिलों से जेपीएससी के परीक्षा का पेपर लीक की सूचना मिल रही है। राज्य सरकार जहां एक तरफ कोयला, बालू, गिट्टी को बेच दिया ठीक उसी तरह राज्य के युवाओं के भविष्य को भी इस सरकार ने बचने का काम किया है। निश्चित रूप से हर सीट के लिए लाखों लाख रुपए ली गई होगी।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी दिव्यानी को किया गया सम्मानित

**रांची :** रांची के बरियातू स्थित स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान रांची की युवा फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट के संस्थापक प्रकाश सिंह, सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा, निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, प्राचार्य विधा सागर, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी और दीपक कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इंटरनेशनल फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा नेपाल में आयोजित सेफ 16 फुटबाल प्रतियोगिता में भारतीय फुटबॉल टीम का हिस्सा रही।

# हम समाज के सभी वर्गों के विचारों व भावनाओं के साथ काम करते हैं : सुदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विकास शब्द और राज्य हित जेएमएम के शब्दकोश में नहीं है। झारखंड को उलझा कर रखना इनका पेशा । शासन और प्रशासन दोनों लूट के साझेदार बन गये हैं। यह साल झारखंड के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी इन हालात में बढ़ जाती है। हम समाज के सभी वर्गों के विचारों और भावनाओं के साथ काम करें। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नामकुम, सिदरौल स्थित कवाली स्टेडियम में आयोजित रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन पहुंचाने का संकल्प लिया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक को लेकर जगह-जगह से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह संवेदनशील और चिंता जनक है। मानो राज्य सरकार ने युवाओं का भविष्य बिगाड़ने का संकल्प ले रखा है। इससे पहले एडमिट कार्ड के लिए अभ्यर्थी परेशान रहे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता में यह विश्वास है कि आजसू राज्य में बेहतर वातावरण बना सकती है। राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए जिद की आवश्यकता है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत से पार्टी के विचारों को राज्य के हर गांव, हर घर तक पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकर्ता आगे आकर अपनी जिम्मेदारी के तहत कार्य करें। ग्राम प्रभारियों को नए जनादेश की जिम्मेदारी देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनावी साल है।

समय कम है ऐसे में पार्टी की हर इकाई और हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनाकांक्षाओं के अनुरूप और एनडीए को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। इस मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव सह ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी राम चन्द्र सहिस ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने और हर व्यक्ति के दुःख सुख से जुड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी की मजबूत संरचना में ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख को विशेष महत्व दिया है। सम्मेलन में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए।इस सम्मेलन में मुख्य रूप से अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, पार्टी के महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, राजेन्द्र मेहता, हरेलाल महतो, संजय महतो, भारत कांशी, अशोक नाग, डॉ. सुधीर यादव, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसका लक्ष्य विकसित भारत 2047 हासिल करना है। वर्तमान में हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है एवं तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। राज्यपाल रविवार को रांची के गोस्सनर कॉलेज में रांची चैप्टर ऑफ़ कॉस्ट अकाउंटेंट की ओर से कॉस्ट अकाउंटेंट द फोर्स बिहाइंड इंडिया मर्जेंस एस थर्ड लार्जेस्ट इकोनामी विषय पर आयोजित वार्षिक सामारोह-2024 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) का गौरवशाली इतिहास रहा है।

इसके 90 हजार सदस्य हैं और पांच लाख विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सीए का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खनिज संपदा से परिपूर्ण है लेकिन हम नीचे से दूसरे पायदान पर है। झारखंड राज्य के आर्थिक विकास के लिए हमारे सीए गंभीरतापूर्वक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी के सफल कार्यान्वयन में भी सीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही कहा कि सीए का क्षेत्र व्यापक है।

कर संग्रह में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है हमारे देश में करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

# गोस्सनर कॉलेज के वार्षिक सामारोह में पहुंचे राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने गोस्सनर कॉलेज, क्लब रोड, राँची में वार्षिक सामारोह-2024 को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसका लक्ष्य ÷विकसित भारत@2047 हासिल करना है। वर्तमान में हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है एवं तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का गौरवशाली इतिहास रहा है एवं इसके 90 हजार सदस्य हैं और 5 लाख विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सीए का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड प्रदेश खनिज संपदा से परिपूर्ण है, लेकिन हम नीचे से दूसरे पायदान पर है। झारखंड राज्य के आर्थिक विकास के लिए हमारे सीए गंभीरतापूर्वक चर्चा करें।

# राज्यसभा के उपसभापति सह पत्रकार हरिवंश हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सभा के उपसभापति सह सामाजिक कार्यों एवं पत्रकारिता दुनिया के हस्ती हरिवंश नारायण सिंह मोराबादी स्थित हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। सभापति का हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह , कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन , हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने हॉकी झारखंड की ओर से उन्हें पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंट देकर सम्मानित किया। हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचकर सभापति ने कार्यालय में हॉकी झारखंड के ट्रॉफियों को देखकर काफी गदगद हुए साथ ही हॉकी झारखंड के कार्यो के प्रशंसा भी किया।

उन्होंने झारखंड की रांची में पहली बार दो-दो अंतरराष्ट्रीय मैच का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए भोलानाथ सिंह एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इससे झारखंड एवं रांची का नाम पूरे विश्व में हुई साथ ही साथ में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का भी भ्रमण कर उनकी वास्तिवक स्थिति से रूबरू हुए एवं स्टेडियम को नए रूप में देखकर बहुत खुश हुए । इस अवसर पर हॉकी झारखंड की कई पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस का आज से होगा नियमित परिचालन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची से बनारस के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का सामान्य परिचालन 18 मार्च से किया जायेगा।

ट्रेन को 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन का ठहराव और समय निर्धारित कर दिया गया है। ऐसे में अब ट्रेन का ठहराव गोमो और पारसनाथ में करने की मांग की गयी है। इस संबंध में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर ठहराव की अनुशंसा की है। सांसद के प्रस्ताव पर रेल मंत्री की स्वीकृति की मुहर लग गई तो ठहराव शुरू हो जायेगा।

गोमो में ठहराव से धनबाद व आसपास के यात्री भी वंदे भारत की सवारी कर सकेंगे। ट्रेन का परिचालन गुरुवार छोड़कर सप्ताह में छह दिन किया जायेगा। ट्रेन 20887 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से सुबह 5:10 बजे खुलकर दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 20888 वाराणसी-रांची वंदे भारत वाराणसी से शाम 4: 05 बजे खुलकर रात 11: 55 बजे रांची पहुंचेगी।

# लोअर बाजार थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रमजान शरीफ के पवित्र महीना और होली के शुभ अवसर पर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई । जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से मिलजुल कर अमन शांति एकता भाईचारे के साथ होली का त्यौहार और रमजान शरीफ का पवित्र महीना मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता लोअर बाजार थाना इंचार्ज दयानंद कुमार कर रहे थे। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने कहा के जहां-जहां अगजा जलता है वहां पुलिस प्रशासन की चौकसी रहेगी। जहां-जहां मस्जिद मे नमाजे होती है वहां भी पुलिस अपनी निगरानी रखेगी। सभी मिलजुल कर अमन शांति के साथ त्यौहार को मनाए हम सभी का देश सभी धर्म समुदाय का देश है, मिलजुल कर रहे हैं और हर त्यौहार को मिलजुल कर मनाएं यही हमारे देश की शुरू से परंपरा रही है । मौके पर थाना प्रभारी दयानंद कुमार , खादगढा टीओपी प्रभारी संजीव, अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, अकील उर रहमान, हाजी मासूक, मोहम्मद इस्लाम, भास्कर वर्मा, मोहम्मद शकील, मोहम्मद गुड्डू, गुलाम सरवर रिजवी, गुलाम मुस्तफा, रजि अहमद उर्फ राजा भाई, अब्दुल खालिक उर्फ नन्नू, खुर्शीद हसन रूमी, रंजन वर्मा, गोपाल प्रसाद, टिंकू कुमार उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में देवर भाभी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए सुखदेवनगर के विद्यानगर में जमा हुए हैं। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस ने टीम का गठन कर उक्त जगह पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां से 27 साल के पवन को रंगेहाथ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वे रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में रहता है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर का रहनेवाला है। वहीं उसके पास से 21 हजार 900 रुपये कैश, मोबाइल और एक रॉयल इन्फील्ड बाइक (जेएच01 एफजी9700) भी जब्त की गई है। उसकी निशानदेही पर अरगोड़ा में उसकी भाभी के घर से पुलिस को छापेमारी के दौरान 31 पुड़िया गांजा, एक प्लसर बाइक (जेएच01 सीई9048) और एक कीपैड मोबाइल मिला है। पुलिस अवैध रूप से गांजे की खरीद-बिक्री में शामिल भाभी को भी अरेस्ट कर लिया है। वहीं पुलिस इस कांड में फरार पवन के भाई बबलू यादव, कृष्णा यादव, कन्हैया कुमार और अन्य की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

# लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर झारखंड पुलिस की पैनी नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए झारखंड पुलिस भी तैयारियों में जुट गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नक्सल अभियान, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन के साथ साथ आपराधिक तत्वों के निरोधात्मक कार्रवाई भी शुरू की गई। साथ ही इस बार पूर्व के चुनावों में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले भी पुलिस के राडार पर हैं। झारखंड में चार चरणों में मतदान होना है। सुरक्षित और फेयर मतदान के करवाने के लिए झारखंड पुलिस हर इंतजाम करने में जुटी हुई। इस बार वैसे तत्व जो पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करते हुए चिन्हित हुए थे वे भी पुलिस के राडार पर हैं। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल वी होमकर ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि वे पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करने वाले तत्वों को भी चिन्हित करें। इनमें यदि कोई वारंटी है या फरार चल रहा तो उन पर कानूनी कार्रवाई करें। सभी थानों में ऐसे तत्वों की सूची भी तैयार करा कर रखें, ताकि उनपर नजर रखी जा सके। आईजी होमकर ने निर्देश दिया है कि हिस्ट्रीशीटरों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। इसके साथ लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाए। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया है कि सक्रिय अपराधियों के साथ उग्रवादियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। कुछ तत्व चुनावों के समय गड़बड़ी फैलाने और अफवाह के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं। ऐसे में पुलिस अफसरों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सशक्त करें।

## सुपर-30 में एडमिशन के लिए 31 मार्च को होगा टेस्ट

**रांची :** झारखंड के भी टैलेंटेड बच्चों को बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद के फेमस सुपर-30 में पढने का मौका मिलेगा। इस संबंध में सुपर-30 से जुड़े प्रो पीके उपाध्याय ने रविवार को रांची प्रेस क्लब में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब झारखंड के भी गरीब, प्रतिभावान बच्चों के लिए 31 मार्च को जांच परीक्षा का आयोजन झारखंड और बिहार में होगा। ऐसे स्टूडेंट्स जो किसी भी बोर्ड से दसवीं की परीक्षा दे चुके हैं, वे निर्धारित वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई द्वारा राज्य में तैनात अपने अधिकारी सदस्यों के लिए इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका फाइनल मैच का आयोजन 17 मार्च 2024 को धनबाद अंचल और जमशेदपुर अंचल के बीच जे के इंटरनेशनल स्कूल, अगरू, रातू में किया गया। मैच उद्घाटन महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा और अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार द्वारा किया गया। दोनों अंचल के बीच हुए कड़े मुकाबले में जमशेदपुर अंचल विजयी हुआ।बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा, अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार और उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू द्वारा विजयी टीम जमशेदपुर अंचल को इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट - 2024 की ट्रॉफी तथा राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह और इकाई के उप महासचिव कॉमरेड मनीष नारायण ने उप विजेता की ट्रॉफी धनबाद अंचल को सुपुर्द किया। विजेता और उप विजेता के टीम के सदस्यों को इकाई के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।मौके पर महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा, अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू, उम महासचिव कॉमरेड मनीष नारायण, वरूण कुमार, भरत लाल ठाकुर, सत्य प्रकाश, विकास भगत, मनीष कुमार, रंजन जयसवाल, मुकेश कुमार सिन्हा, सुनील रावत विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सिर्फ चेहरा बदला, पुरानी गैंग ही चला रही सरकार : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेपीएससी का पर्चा लीक होना और उसके प्रश्नपत्र हल करने को लेकर जो वीडियो सामने आए हैं, वह झारखंड सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है। झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ एक बार फिर से क्रूर मजाक किया है। उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया है और इसका जवाब इस राज्य के युवा ही नहीं, हर नागरिक इस भ्रष्ट सरकार को समय आने पर देंगे। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में रांची में कहीं। जेपीएससी पर्चा लीक का वीडियो देखकर सांसद काफी आक्रोशित थे। सांसद ने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि यह सरकार राज्य की जनता के साथ कैसा मजाक कर रही है। एक तरफ राहुल गांधी युवाओं के रोजगार देने की बात करते हैं। झामुमो का नेतृत्व झारखंडी हितों का दंभ भरता है। राजद के लोग ईमानदारी की कसमें खाते नहीं थकते, उसके बावजूद भ्रष्टाचार का इससे उत्कृष्ट उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता। सेठ ने कहा कि यह तय है कि हेमंत सरकार को जिस गैंग के लोग चला रहे थे, इसी गैंग के लोग इस सरकार को भी चला रहे हैं। मतलब सिर्फ चेहरा बदला है, बाकी पूरी व्यवस्थाएं यथावत है। इस सरकार से राज्य के लोगों का कोई उम्मीद नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना और विद्यार्थियों की ओर से मोबाइल निकाल कर उत्तर पुस्तिका भरना, बिहार के जंगल राज की याद कराने वाला है। जब बिहार में लोग परीक्षा हॉल में ही किताब लेकर चले जाते थे। कॉपियां अपने घर ले आते थे और न जाने क्या-क्या करते थे। सांसद ने कहा कि राज्य की यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। उसके बाद भी यदि केंद्रीय एजेंसी इन पर कार्रवाई करती है तो यह कहते हैं कि यह राजनीतिक करवाई है।

# आरपीएफ ने शराब के साथ दो आरोपितों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से 73 शराब की बोतल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी आशुतोष कुमार और जयप्रकाश कुमार शामिल है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर बनाई गयी फ्लाइंग टीम ने चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या तीन पर दो व्यक्तियों को संदेहास्पद अवस्था में भारी बैग के साथ बैठा देखा । जांच करने पर 73 शराब की बोतल बरामद की गई। जब्त शराब का बाजार मूल्य 14 हजार 700 बताया गया है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि शराब को बिहार ले जाकर महंगे कीमत पर बेचते थे। जब्त शराब को सहायक उप निरीक्षक रवि शेखर ने जब्त करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार के बीओसी मे हुई लोकल संवेदक संघ की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी हनुमान मन्दिर के प्रागंण मे लोकल संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार और संचालन सुरेश महतो ने किया।बैठक मे स्थानीय लोकल संवेदको की समस्याओ पर चर्चा की गई।बैठक मे सीएसआर योजना के तहत किये जाने वाले कार्यो पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान आपसी तालमेल एंव आपसी सहयोग से कार्य करने एवं एक दुसरे के कार्यो मे टेंडर नही डालने का निर्णय लिया गया।बैठक मे सभी स्थानीय लोकल संवेदक को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक मे उपस्थित स्थानीय संवेदको ने भी बारी-बारी से अपनी समस्या और विचार को रखा।बैठक मे राजेश महतो,सुरैश महतो,महेश महतो,इदरीश अंसारी,जाहिद अली,बिनोद मिंज,प्रकाश महतो,मोहम्मद अब्बास, बिजली महतो,लियाकत अंसारी,संतोष यादव,दिनेश महतो,पिन्टु कुमार साव, आदेश कुमार,दिनेश राम, सुरेश राम,बिपत राम, मोहम्मद अनवर,मनकु महतो,परमेश्वर महतो,राजेन्द्र साव,महेश प्रसाद सहित कई लोकल संवेदक मौजुद थे।

## पिपरवार के चिरैयांटांड़ मे हुई विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयांटांड़ चार नम्बर कांटा के समीप विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन एनके पिपरवार की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता बिजय कुमार महतो और संचालन महेन्द्र भोगता ने किया।बैठक मे ट्रक मालिको की कई समस्या पर चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किया गया,जिसमे मुख्य रूप से वर्ष 2012-22 मे तय किये गये भाड़ा मे संसोधन करने,तय किये गये स्थान से 20 से 25 किलोमीटर आगे ले जाने पर 100 रूपये प्रतिटन भाड़ा बढ़ोतरी करने,अनलोडिंग स्थान पर 24 घंटे से अधिक समय तक ट्रक खड़ी रहने पर तीन हजार रूपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देने, संसोधित भाड़ा को नगद भुगतान करने,अशोका पिपरवार मे क्रमांक संख्या के आधार पर ट्रको का परिचालन करने,अनलोडिंग स्थान की दुरी 250 किलोमीटर से अधिक होने पर ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी द्वारा 50 प्रतिशत एडवांस भाड़ा भुगतान करने सहित कई अन्य प्रस्ताव को पारित किया गया।बैठक मे काफी संख्या मे स्थानीय ट्रक मालिको सहित लिफ्टर मौजुद थे।

## बचरा में विश्व हिन्दु परिषद सह बजरंग दल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल द्वारा बचरा श्रमिक क्लब में रविवार को होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद मंडल एवं संचालन चतरा जिला विद्यार्थी संघ प्रमुख अभिषेक सिंह दुर्गेश ने किया।मुख्य अतिथि मे बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता एव विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख जीतू गुप्ता सहित चतरा से आए अन्य अतिथि उपस्थित थे।समारोह के दौरान पिपरवार बजरंग दल सह हिंदू परिषद के द्वारा समारोह में उपस्थित आगंतुक सभी अतिथियों को रंगों का त्यौहार होली को लेकर रंग अबीर गुलाल लगाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही पिपरवार मंडल के द्वारा क्षेत्र के सभी सनातनियों को होली की शुभकामनाएं दी गई।इस मौके पर नकुल राम, अजय मौर्या,शंकर सिंह चेरो, धीरेंद्र शर्मा,राजकुमार,मुकेश राणा,सुनील प्रसाद,राजा कुमार,दीपक केसरी,नवीन कुमार,महादेव प्रसाद,महेंद्र पासवान,राकेश सिंह,राहुल पांडे,प्रवीण सिंह सहित कई लोग मौजुद थे।

## संघर्ष दिव्यांग संघ नें मनाया होली मिलन समारोह

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17 मार्च रविवार को संघर्ष दिव्यांग संघ कोडरमा ने बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में होली मिलन समारोह मनाया एवं होली की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन कुमार रजक ने किया एवं संचालन पंकज कुमार पंडित ने किया। इस होली मिलन समारोह कार्यक्रम में कोडरमा जिला के सभी छः प्रखंड से दिव्यांगजन आएं थे। होली मिलन समारोह शुरू करने से पहले एक बैठक की गई जिसमे संघ के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार पंडित ने संघ के उद्देश्य और अभी तक की सफर के बारे में बताया। वहीं संघ के सक्रिय सदस्य अर्जुन कुमार रजक ने संघ के द्वारा की गई कामयाबी को लोगो के बीच रखें। वहीं अजय यादव,धर्मेंद्र शर्मा,दीपक कुमार मेहता,पम्मी कुमारी एवं अन्य सदस्यों ने भी अपने संबोधन में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को जागरूक करने और अपने हक अधिकार के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव,राजेश यादव,अजय पंडित,ओमप्रकाश राम,गौतम राणा,अभिषेक कुमार सिंह,दुलार रिख्यासन,पिंटू सिंह,पिंटू राणा,राजन मेहता,बंसी मेहता,विजय पंडित,नारायण मोदी,दुर्गी दास,फागू दास,रेखा देवी,पम्मी कुमारी,सितल यादव,गोपाल रविदास,अजहर उद्दीन,तनवीर अख्तर,फारूक अंसारी एवं दर्जनों दिव्यांगजन शामिल हुए।

# आजसू का रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** यह साल झारखंड के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी इन हालात में बढ़ जाती है। हम समाज के सभी वर्गों के विचारों और भावनाओं के साथ काम करें।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नामकुम, सिदरौल स्थित कवाली स्टेडियम में आयोजित रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता में यह विश्वास है कि आजसू राज्य में बेहतर वातावरण बना सकती है। राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए ज़िद की आवश्यकता है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत से पार्टी के विचारों को राज्य के हर गांव, हर घर तक पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकर्ता आगे आकर अपनी जिम्मेदारी के तहत कार्य करें। ग्राम प्रभारियों को नए जनादेश की जिम्मेदारी देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनावी साल है। समय कम है ऐसे में पार्टी की हर इकाई और हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनाकांक्षाओं के अनुरूप और एनडीए को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। इस मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव सह ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी राम चन्द्र सहिस ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने और हर व्यक्ति के दुःख सुख से जुड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी की मजबूत संरचना में ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख को विशेष महत्व दिया है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता पर बैठे लोगों के समझ में नहीं आती है। उनको उनके सोच पर छोड़ कर हमें पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए लोगों की सेवा करनी होगी। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, पार्टी के महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्माला भगत, राजेन्द्र मेहता, हरेलाल महतो, संजय महतो,पारसनाथ उराँव, भारत कांशी,अशोक नाग, डॉ. सुधीर यादव, जितेंद्र सिंह, आतिश महतो,जलनाथ चौधरी, वीणा देवी,बनमाली मंडल, संजीव सिंह,राजू नायक, बीरेन्द्र भोगता, सरिता देवी,बर्षा गाड़ी, पार्वती देवी,राजकिशोर महतो,जगरनाथ महतो,प्रकाश लकड़ा,राजू उराँव, किरण देवी,निर्मला देवी,योगेंद्र महतो,हरीश कुमार,किसुन महतो, महतो,सतेंद्र सिंह,रतनलाल होंडा, दिगम्बर महतो,रूपमानी देवी,सबिता देवी,अनिता देवी समेत अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर 20 को निकलेगी निशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** शहर में 20 और 21 मार्च को श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है. शहर के अड्डी बंगला रोड स्थित श्याम मंदिर और पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. 20 मार्च को कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर से श्याम निशान महिला मंडल और श्याम परिवार के संयुक्त तत्वाधान में निशान यात्रा निकाली जाएगी. इस दौरान एक सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा और विभिन्न मार्गो से होते हुए निशान यात्रा अड्डी बंगला रोड स्थित श्याम मंदिर पहुंच कर सम्पन्न होगी. मंदिर कमेटी के आयुष पोद्दार ने बताया कि संध्या साढ़े 6 बजे से कोलकाता की गायिका रिया शर्मा, भद्रक के कैलाश पोद्दार, तिलैया के रवि दाहिमा के आलावा श्याम शरण में आजा रे, श्याम मित्र मंडल और श्याम परिवार के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी.

## उफ आखिर कब मिलेगा जाम से मुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** उफ़ आखिर कब मिलेगा जाम से मुक्ति, कहां है जिला प्रशासन व स्थानीय पुलिस जी हाँ कुछ इस तरह के वाक्य जिले के झुमरीतिलैया में नित्य दिन सुनने को मिल रहा. जाम में फंसे लोगों के अनुसार यहां नित्य दिन जाम लगना मानो नियति हो गई है , कहा कि जिले में कई अधिकारी आएं ओर गए पर इस समस्या से निजात किसी नें करवा पाए. कहने को तो जिले का प्रमुख शहर है झुमरीतिलैया. झुमरी तिलैया नगर परिषद गठन के 22 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन इसके पुराने स्वरूप में रत्ती भर बदलाव नहीं हुआ है. हां अगर कही बदलाव हुआ तो वह है होल्डिंग टैक्स में, जहाँ बड़े बड़े शहरों की तरह टैक्स देने पड़ रहे है इसके आलावे आज भी पहले की तरह शहर में जाम लगी रहती है और लोग इसमें अपनी जिंदगी खींचते रहते हैं. ट्रैफिक व्यवस्था दिनों दिन और भी बदत्तर होती जा रही है. हाल के वर्षों में शहर के भीतर काफी संख्या में मार्केट कॉम्प्लेक्स और होटल बने हैं. मार्केट कॉम्प्लेक्स व होटल में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन सड़क पर लोग गाड़ी को पार्क करते हैं. इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. शहर के मुख्य मार्ग के किनारे एक दर्जन से ज्यादा मार्केट कॉम्पलेक्स व होटल बने हैं. इन जगहों पर दिन रात जाम की स्थिति बनी रहती है.

**राजनीतिक दबाव में नियम होते रहे तार- तार :** झुमरीतिलैया शहर के अंदर अस्थाई बस पड़ाव के कारण जाम लगने से स्कूली बच्चों के साथ साथ आम नागरिकों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. हाल के दिनों में सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर कई नियम बनाए गए थे, लेकिन सभी नियम राजनीतिक दबाव के कारण ताक पर रख दिए गए. मार्केट कॉम्प्लेक्स की बात करें तो प्रत्येक मार्केट कॉम्प्लेक्स में 30-50 दुकानें हैं. कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है. शहर से गुजरने वाले प्रमुख मार्ग रांची-पटना रोड अतिक्रमण के कारण मार्ग काफी संकरा हो चुका है. वाहन चालक भी दो पहिया व चार पहिया वाहनों को कहीं भी खड़ा कर देते हैं. शहर में कई कॉम्प्लेक्स ऐसे हैं जहां पार्किंग के लिए बनाए गए जगह को दुकान का रूप देकर उसे दुकानदार को किराए पर दे देते हैं.

## जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलने के उपरांत सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंधियो की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है ।

बंदियों की ओर से बाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं आने के कारण, मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका।

वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई । जीस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है या नहीं कर सके है । पहचान की गई। मौके पर डिप्टी एलएडीसीएस राजेंद्र मंडल जेलर अभिषेक कुमार, एलएडीसीएस अरुण कुमार ओझा, एलएडीसीएस ललन चौधरी, अश्विनी शरण नयालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोडरमा :** बरनवाल नवयुवक संघ एवं रक्तबीर सेवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को बरनवाल भवन कोडरमा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल, मेंबर अरुण कुमार ओझा, अरविंद सेठ, दिनेश प्रसाद आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत अजीत बरनवाल, अरुण कुमार ओझा एवं अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। इस अवसर पर बोलते हुए अजीत बरनवाल ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है।

## राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** राष्ट्रीय जनता दल,कोडरमा जिला कार्यकारिणी की बैठक झुमरीतिलैया में विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास कार्यालय में हुई।अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया, जबकि संचालन घनश्याम तुरी ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही कोडरमा की राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा के पास उपलब्धि गिनाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नही है। ढिबरा-पत्थर व्यवसाय बदहाल है।इस मुद्दे पर कोडरमा की आवाज कभी भी संसद में नही गूंजी। राज्य सरकार ने ढिबरा नीति लागू किया,लेकिन भाजपा के इशारे पर लिथियम के नाम पर ढिबरा पर ग्रहण लगा दिया गया। जिससे लाखो ढिबरा मजदूर बेरोजगार और बदहाल है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड बनने के बाद सबसे ज्यादा भाजपा सत्ता में रही,लेकिन कोडरमा में विकास कोसों दूर है।कोडरमा से केंद्र सरकार में मंत्री रहने के बाबजूद रोजगार बढ़ाने वाला, स्वास्थ्य-शिक्षा सेवा और केंद्रीय संस्थान का एक ईट तक नही लगा और ना ही कोई संस्थान/उद्योग लग पाया। भाजपा की नाकामियों का फेहरिस्त लंबी है, 2018 में पीएम मोदी ने करमा मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था,लेकिन 6 सालों बाद भी मेडिकल कॉलेज नही बन पाया। कोडरमा में जनसरोकार से जुड़ी और भविष्य निर्माण के लिए कोई भी नीति 5 सालों में नही बन पाई। प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा में राजद हर बूथ पर भाजपा के अवसरवादी,ध्रुवीकरण और पूँजीवाद परस्त राजनीति को परास्त करेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनता बदलाव के पक्ष में गोलबंद हो रही है। राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा की साजिश को जनता बखूबी समझ रही है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के जरिये चंदा लेकर अपने कॉरपोरेट मित्रो को फायदा पहुंचाने वाली भाजपा सरकार जनता के सामने बे-नकाब हो गयी है। लोकतंत्र और संविधान को कुचलने की कोशिश का नतीजा है कि विपक्षी नेताओं को श्रष्ठ की छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सुभाष प्रसाद यादव ने राजद की जमीन और जनाधार दोनों बढ़ा दी।लेकिन सुभाष प्रसाद यादव की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की नींद उड़ गई थी। कोडरमा में भाजपा की हार सुनिश्चित है।उन्होंने कहा कि गांव-गांव में लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के नारे को बुलंद करने वाले जनता ने भाजपा की बग़ावत शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि देश की ताकतवर भाजपा को कोडरमा में राजद से इतना ख़ौफ़ है कि षड्यंत्र रचकर फर्जी केस करना पड़ रहा है। बैठक को युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक, राजकुमार यादव,सरफराज नवाज, दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजय दास, रामबचन यादव,महेंद्र यादव, चरणजीत सिंह,विजय यादव, शंकर दयाल यादव, रघुनाथ दास,मो मुबारक समेत सभी प्रखंड अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह के द्वारा लगाया गया निशुल्क नेत्र जांच शिविर



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह के द्वारा सदाबहार चौक, दुर्गा मंदिर के पास समाधान केंद्र में श्री पद्मनाभा आई इंस्टीट्यूट (पीपी कंपाउंड सुजाता चौक) के माध्यम से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस निशुल्क जांच शिविर में सैकड़ो लोगों ने अपने नेत्र की जांच कराई, जांच के दौरान मोतियाबिंद के मरीज भी मिले।श्रीमती आरती सिंह ने नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ फीता काटकर किया उन्होंने कहा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें सेवा करने का मौका मिला।इस नेत्र जांच शिविर में श्रीमती नीलम चौधरी,बबीता वर्मा , सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह नामकुम के जिला परिषद रामावतार केरकेटा, मुकेश सिंह अमन सिंह बघेल, लोकेश चौधरी, उत्कर्ष मौर्य, उर्मिला ,प्रज्ञा भारती, जयंती,शिल्पी शालिनी उपस्थित थे।

## चान्हो प्रखंड के लिए तय हुआ सदकतुल फितर रू 45 : मौलाना अब्दुल कयूम अल्वी पंडरी



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को हजरत मौलाना अब्दुल कयूम साहब अल्वी पंडरी के अध्यक्षता में चान्हो प्रखंड के ओलमाए केराम के साथ एक मीटिंग हुई। जिसमें यह तय किया गया के एक आदमी का फितरा 45 रुपया करके निकाला जाए और साथ ही साथ यह भी कहा गया के अपना माल को खर्च करने से पहले पूरे जांच पड़ताल करके ही अपना पैसा को दें ताकि सही जगह पर खर्च हो सके , और मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कहा के फितरा और जकात की रकम को ज्यादातर मदरसों में ही देने की कोशिश करें ताकि वहां से बच्चे पढ़कर के एक बेहतरीन आलीम व हाफिज बन के निकले , मौके पर हजरत मौलाना इदरीस साहब हजरत मौलाना रफीक साहब चान्हो चटवल हजरत मौलाना नूरुल हसन साहब मजाहिरी हजरत मौलाना अब्दुल कयूम साहब कासमी हाफिज अब्दुल अजीज साहब हाफिज तजम्मुल हुसैन मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि मौजूद थे।

## सिल्ली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार एवं मारवाड़ी कॉलेज के स्वयंसेवक पीयूष कुमार समेत शिक्षकों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ ब्रजेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वयं के व्यक्तित्व के विकास से ही समाज एवं राष्ट्र का विकास संभव है। इस सात दिवसीय में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन 23 मार्च को होगा। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ मुंडा एवं धन्यवाद ज्ञापन नकुल चन्द्र महतो ने किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य अनन्त कुमार महतो, डॉ मनोज कुमार, अर्चना कोइरी, सुकल्यान, अनन्त, श्यामल, त्रिभुवन, सुमन्त, भवानन्द, हुलसी, किरीटी सहित कालेज कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेत्री रिंकी देवी भाजपा में हुई शामिल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड के मोहननगर में कांग्रेस नेत्री रिंकी देवी ने भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांतों और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यो और उनको विचारों से प्रभावित होकर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने सभी कार्यकर्ताओं को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलायी. मौके पर कमलेश राम कहा कि पूरे देश में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जोरों पर है और लगातार विपक्षी दलों के नेता , कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में जुड़ रहे हैं इसका परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा.उन्होने कहा कि भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूलमंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है?. मौके पर पंसस रेणू देवी,अनिता देवी,रौशन करमाली,रूपेश उरांव,सुनील सतनामी, विकास कुमार, विष्णु कुमार,भरत कुमार,दीपक चौहान, विकास चौहान, राजदीप चौहान, संगम कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे

## गायत्री मंदिर खलारी में नवगठित ट्रस्टी की हुई बैठक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**गायत्री प्रज्ञा पीठ सह गायत्री मंदिर खलारी में नवगठित ट्रस्टी की एक बैठक मुख्य ट्रस्टी रामदेव प्रसाद अग्रवाल के निर्देश पर अरूण चौरसिया की अध्यक्षता में की गयी. बैठक में गायत्री मंदिर के भव्य निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया. चर्चा में तय किया गया कि सर्वप्रथम मंदिर के गर्भगृह सह देवकक्ष का निर्माण नवरात्र से पहले पूर्ण किया जायेगा. साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गर्भगृह का मुख्य द्वार पुरा खुला रहेगा जिस पर स्टील का ग्रील लगाया जायेगा ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को माता का विहंगम दर्शन सामुहिक रूप से आसानी से हो सके. साथ ही मंदिर के नवनिर्माण के भव्य कार्य को सफल बनाने के लिये क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आर्थिक सहयोग लिये जाने का भी निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से परिव्राजक ललन प्रसाद सिंह,रेणुका सिंह,अजय सिंह,हरगोविन्द पासवान,महेन्द्र सिंह,प्रकाश महतो शामिल हुए.


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## स्वर्णरेखा नदी में दोस्तों के साथ नहाने गए छात्र की डूबने से मौत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी थाना क्षेत्र के डोबो में स्वर्णरेखा नदी में डूब कर एक छात्र की मौत हो गई है. छात्र का नाम वरुण बागची है. छात्र जैसे ही डूबा उसके साथियों ने शोरगुल मचाया. नजदीक में मौजूद गोताखोरों ने छात्र वरुण बागची को ढूंढ कर निकाला. इसके बाद उसके साथी डूबे हुए छात्र वरुण बाकची को लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे. एमजीएम अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. लेकिन साथी छात्रों को यकीन नहीं हो रहा था. वह वरुण बागची को लेकर टीएमएच पहुंचे. टीएमएच में भी डॉक्टरों ने वरुण बागची को मृत घोषित कर दिया है. शुभम ने बताया कि वरुण बागची बिष्टुपुर के को-ऑपरेटिव कॉलेज में बीकॉम ऑनर्स का छात्र था. वह अपने आठ दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था. सभी दोस्त डोबो के पास शिव मंदिर के करीब नदी में नहा रहे थे. तभी वरुण बागची नदी में काफी अंदर तक चला गया और डूबने लगा. दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की. लेकिन वह नहीं बचा सके।

## सरायकेला मंडल कारा में मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा,रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विजय कुमार के निर्देशानुसार रविवार को मंडल कारा सरायकेला में मार्च महीने के मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजन किए गए जेल अदालत में कई बंदियों द्वारा दिए गए आवेदनो में 05 मामलों पर विचार किया गया। जिसमें एसडीजेएम,चांडिल के न्यायालय से एक वाद का निष्पादन हुआ और एक अभियुक्त मुक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव अनामिका किस्कु, अमित आकाश सिन्हा एसडीजेएम,चांडिल वी सी के माध्यम, सत्येन्द्र कुमार महतो प्रभारी जेल अधीक्षक, पब्लिक प्रोसिक्यूटर, एल ए डी सी एस चीफ राधेश्याम साह, असिस्टेंट निल भार्गव, पीएलवी बिट्टू प्रजापति, रमजान अंसारी, स्थानीय कारागार कर्मी, न्यायालय कर्मी, और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे।

## टीआरएफ लेडीज़ एसो. के रक्तदान शिविर में 234 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वैच्छिक रक्त दाता संघ (वीबीडीए) के सहयोग से टीआरएफ लेडीज़ एसोसिएशन द्वारा कंपनी परिसर में 15 मार्च को आयोजित द्विवार्षिक रक्तदान शिविर, नवजीवन के दूसरे संस्करण में टीआरएफ कर्मचारियों और एसोसिएट्स ने स्वैच्छिक सेवा में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर में रिकॉर्ड 234 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।शिविर में कंपनी के कर्मचारियों, पदाधिकारियों और टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के सदस्यों, टीआरएफ लेडीज एसोसिएशन (टीआरएफएलए) के सदस्यों और हितधारकों में रक्तदान के इच्छुक लोगों ने सहयोग किया। नवजीवन शिविर का औपचारिक उद्घाटन उमेश कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक, अभिजीत सिंह, सीएचआरओ, वीके सिंह, टीआरएफ प्रबंधन के जीएम-मैन्युफैक्चरिंग एंड प्रोजेक्ट्स और राकेश्वर पांडे, अध्यक्ष और एमएच हीरामणिक, महासचिव, टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन और टीआरएफएलए की श्वेता गुप्ता द्वारा किया गया।

## सीसीटीवी की निगरानी में होगा कंवर ग्रेवाल का कार्यक्रम, नशा करके आने वालों पर पूर्ण पाबन्दी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल सिख नौजवान सभा की एक बैठक साकची स्तिथ सेंट्रल गुरुद्वारा के कार्यालय मे,सभा के प्रधान सरदार अमरीक सिंह की प्रधानगी मे हुई। सर्वप्रथम सभा के महासचिव सुखवंत सिंह ने गुरुमहाराज के चरणों मे अरदास की, उसके उपरांत उन्होंने आगामी 6 अप्रैल को साकची गुरुद्वारा मैदान मे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम (बैशाखी नाईट ) की जानकारी दी एवं सभाओ के सदस्यों को कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी बाँटी गयी। सभा के प्रधान अमरीक सिंह ने कहा की कार्यक्रम मे प्रवेश सिर्फ पास द्वारा होगा, जो की निशुल्क उपलब्ध होगा, सभी गुरुद्वारा की सभाओ को पास उपलब्ध करा दिये जायेंगे। पूरा कार्यक्रम सी सी टी वी की निगरानी मे होगा, सभा के सलाहकार बलजीत सिंह संसोवा ने कहा की सभा के सदस्य पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदार निभाएंगे एवं खास धयान रखेंगे की कोई भी नशा करके कार्यक्रम स्थल मे प्रवेश ना करें, वही सभा के कार्यकारी अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा की कार्यक्रम मे कई प्रशासनिक एवं सामाजिक लोगो,कोल्हान की सभी गुरुद्वारा कमिटी को आमंत्रित किया जायेगा। अंत मे सभा के महासचिव रणजीत सिंह ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में धारा 144 लागू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला एवं अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने अनुमंडल क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने जारी आदेश में कहा कि लोक सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा 16.03.2024 को कर दी गई है तथा घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। निष्पक्ष चुनाव हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सम्पूर्ण घाटशिला अनुमंडल एवं धालभूम अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत में निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी किया गया है जिसमे किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/ संगठन / उम्मीदवार / अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) को लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा।किसी सार्वजनिक / सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखाना, पोस्टर/पैम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, सार्वजनिक सड़को पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वारा लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पैम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना तथा होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित किया जाता है। पाँच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो का प्रयोग नहीं करेगा जो किसी व्यक्ति/ समुदाय/ धर्म/जाति की भावनाओं को आहत करता हो, किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि विरुद्ध संदेष का प्रयोग व्हाटसएप/ फेसबुक/ ट्विटर / इंस्टाग्राम अथवा सोशल मीडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, व्यक्तिगत/ मानसिक/ धार्मिक/ जातीय भावनाएं आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। कोई भी व्यक्ति/ राजनैतिक दल/ संगठन / उम्मीदवार / अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे। कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/ उम्मीदवार / अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और ना ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे। सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/ सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा। प्लास्टिक / पॉलीथीन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनैतिक प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा।

## डुमटांड़ हाट मैदान में 1 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा सरहुल पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ हाट मैदान में रविवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक कि अध्यक्षता राम चरण सिंह मुण्डा ने किया। बैठक में सरहुल पूजा को सामुहिक रूप से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। वहीं सरहुल नृत्य के लिए दो से तीन सरहुल नृत्य पार्टी को आमंत्रित करने पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में 1 अप्रैल को सरहुल पर्व मनाने को लेकर आम सहमति बनाई गई। रांची एवं खुंटी जिला के सरहुल नृत्य कलाकारों को शामिल करने पर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि डुमटांड़ मोड़ में पहली बार सार्वजनिक रूप से सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया गया कि सरहुल पर्व मनाने के साथ ही प्राकृतिक संरक्षण हेतु प्राकृतिक धरोहरों को बचाने का संदेश दिया जाएगा। वहीं शिक्षक सह कुडूक विकास परिषद के अध्यक्ष अभिराम उरांव ने बताया कि आदिवासी समाज प्राकृति पुजारी हैं। उन्होंने कहा कि सरहुल जल जंगल जमीन को बचाए रखने का सीख देता है। मौके पर राजेन सिंह मुण्डा, लालदेव सिंह मुण्डा, विश्वनाथ उरांव,दुबराज मांझी,गुरूपद मांझी, प्रवीण सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ट्रेन से गिरकर बंगाल के मेदिनीपुर का युवक घायल, भेजा गया अस्पताल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा रेलवे स्टेशन के सीनी लाइन आउटर पर रविवार की अहले सुबह करीब पांच बजे ट्रेन से गिरकर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निवासी राकेश हाईत नामक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर और शरीर के अन्य भागों में चोटें आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक कवि गुरु एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या-12949) से मेदिनीपुर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन से अचानक गिरकर घायल हो गया। यह घटना हो गई । घटना से युवक बाल बाल बच गया। हालांकि ट्रेन से गिरने के बाद युवक घायल अवस्था में ही अपने साहस का परिचय देते हुए पैदल आरपीएफ बैरक पहुंचा और वही ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा को इसकी जानकारी दी। उसके बाद कांड्रा थाना को उक्त घटना की सूचना दी गई। तत्पश्चात, आरपीएफ प्रभारी और कांड्रा पुलिस द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया भेजा गया। घटना की

## बाहा पर्व पर खाड़ियाडीह में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के खेडुआ टोला खाड़ियाडीह में रविवार को हर साल की भांति इस साल भी बाहा बोंगा पर्व के अवसर पर एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व विशिष्ट अतिथियों में मुखिया गंगाधर सिंह व बीस सूत्री सदस्य कालीपद महतो शामिल हुए। 16 टीमों के बीच अयोजित टूर्नामेंट में पहला पुरस्कार चरखीडीह टीम को 15 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार द्वारडीह टीम को 12 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार रूसिका व चतुर्थ पुरस्कार एम एस टी के टीम को साढ़े सात - साढ़े सात हजार रुपये दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने सरहुल नृत्य करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य रूप से जितुलाल मुर्मू, ललित हांसदा, संतोष टुडू, सागर टुडू, अनिल मुर्मू, शंभु सोरेन आदि उपस्थित थे।

## बाबा तिलका माझी क्लब पारगामा ने मनाया बाहा पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखण्ड क्षेत्र के पारगामा गांव के आदिवासी समुदाय के बाबा तिलका माझी क्लब पारगामा द्वारा पारगामा के बुलान स्थित आदिवासी जाहिर थान में नया वर्ष के अवसर पर बाहा बंगा बुरू (नया फूल पुष्प) की पूजा किया गया। महिलाओ एवं पुरुषों के द्वारा आदिवासी नृत्य के साथ मनोरंजन करते हुए पूजा को मनाया गया। खिचड़ी वितरण करते हुए पूजन कार्यक्रम को संपन्न किया गया।पारगामा गांव के मांझी बाबा के द्वारा जानकारी देते हुए कहा की हमलोग शाल पेड़ के नया पत्ता और फूल आने से तेल सिन्दूर देकर शाल पेड़ तथा पत्ता की पूजा करते है जो मूल रूप से हमारे प्रकृति का साथ जुड़ा हुआ है। हम सभी जाति समुदाय एक है,भले ही हमारे रहने पूजा करने की तरीका अलग हो इसलिए हमारे द्वारा बाकी अन्य समुदायों के गन्य मान्य वरिष्ठ वायक्तियो को बुलाया गया है,सभी साथ मिलकर इस पावन पर्व को मनाने की आशा रखते है।

## आरसीबी कंपनी के प्लांट में तेंदुआ घुसने से मचा हड़कप, रेस्क्यू में जुटा वन विभाग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक में रविवार सुबह करीब साढ़े नौ एक तेंदुआ प्लांट के भीतर घूमता हुआ पाया गया है। इससे पूरे प्लांट में हड़कंप मच गया। हालांकि रविवार को कंपनी में छुट्टी रहने के कारण काफी कम संख्या में कर्मचारी और मजदूर प्लांट में मौजूद थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों ने प्लांट में एक तेंदुआ घूमता हुआ देखा। उसके बाद सभी मौजूद कर्मचारी वहां से बाहर भाग खड़े हुए। तत्पश्चात, इसकी सूचना कंपनी के वरीय अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंचे कंपनी के अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया जिसमें पाया गया कि एक तेंदुआ कंपनी के अंदर है। घटना के बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम तेंदुए को रेस्क्यू करने में जुट गई। काफी देर तक जमशेदपुर वन विभाग की रेस्क्यू टीम द्वारा तेंदुए को नहीं पकड़ पाने के बाद बंगाल के बांकुड़ा जिले के वन विभाग के रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। दोनों टीम संयुक्त रूप से तेंदुआ को रेस्क्यू करने में जुट गई है।

## शहर के श्याम प्रेमी ट्रेन में भजन व सत्संग करते खाटू धाम के लिए हुए रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी में कुल देवता बाबा श्री श्याम प्रभु के दर्शन हेतु शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम जागरण मंच टाटानगर के 71 सदस्यों की टोली रविवार की सुबह रेल मार्ग से खाटू धाम (राजस्थान) के लिए रवाना हुई। ट्रेन यात्रा के दौरान श्याम प्रेमियों ने पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की एक बोगी में भगवान श्री कृष्ण का फूलों से दरबार सजाया। भक्तों द्वारा ट्रेन की बोगी में भजन व सत्संग का अद्भुत आनंद का संगम देखने मिल रहा है। सभी श्याम भक्त बहुत प्रेम व उमंग के साथ नाचते-गाते सत्संग करते हुए 19 मार्च मंगलवार को रिंगस से भव्य निशान यात्रा में शामिल होकर खाटू धाम पहुँचेंगे। इस सफर में खाटू धाम जाने वालों में प्रमुख रूप से श्याम जागरण मंच के अशोक अग्रवाल, गोपाल रिंगसिया, कमल सिंघल, प्रमोद अग्रवाल, चंदन चौधरी, बिमल रिंगसिया, बजरंग लाल अग्रवाल आदि शामिल हैं। मालूम हो की श्री श्याम जागरण मंच के सदस्यगण विगत 28 वर्षो से लगातार फागुन मास शुक्ल पक्ष कि एकादशी में प्रति वर्ष खाटू धाम जाते हैं।

## दूर दराज से आए जेपीएससी के छात्रों को ह्यूमन वेल्फेयर ने सेंटर तक पहुंचने में की मदद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा लगाए गए हेल्प डेस्क के माध्यम से कुछ छात्रों को बाइक से अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज, विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, अमर ज्योति स्कूल, एवं कावरिया मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल में पहुंचाया गया। इसी क्रम में ह्यूमन वेलफेयर के टीम सदस्यों ने सदस्यों ने केंद्र तक पहुंचा और वह समय पर वहां पहुंचकर एग्जाम दे सके। उनके साथ आए हुए अभिभावकों के लिए ट्रस्ट के द्वारा हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया जिसमें चना, गुड़, मिनरल वाटर, रूह अफजा, बिस्किट्स आदि की व्यवस्था की गई।, अभिभावक बीपी रावत रिटायर्ड जिला कल्याण पद अधिकारी रांची ने, कहा कि वेल्फेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने रोज़ा रख कर इस तरह के काम को किया है उसकी मैं भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं, और आशा करता हूं कि यह इस तरह का काम हमेशा करते रहेंगे।आज के इस आयोजन में ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान, नादिर खान, वींद्र शर्मा, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, निर्मल महतो, सिराजुल हक, मास्टर इकबाल, करीम सिटी कॉलेज मैस कम्युनिकेशन के सैयद साजिद परवेज, अपूर्व पाल मौजूद थे।

## टाटा स्टील में 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन, विभिन्न गतिविधियां आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील में 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का गुरुवार को समापन हो गया। जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में आयोजित समारोह में 500 से अधिक कर्मचारी और वेंडर पार्टनर व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए।पूरे महीने भर चले समारोह के दौरान, महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में कार्यबल के बीच जागरूकता बढ़ाने और सड़क से संबंधित दुर्घटनाओं और हादसों को कम करने के संबंध में सुरक्षित अभ्यासों को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन समारोह में टाटा स्टील में सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनिबिलिटी के वाइस प्रेसिडेंट, राजीव मंगल, टीक्यूएम, जीएसपी और सप्लाई चेन, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट और एपेक्स रोड एंड रेल सेफ्टी सब कमेटी के चेयरमैन पीयूष गुप्ता और टाटा वर्कर्स यूनियन के प्रेसिडेंट संजीव कुमार चौधरी, टाटा स्टील जमशेदपुर, टाटा स्टील कलिंगानगर, टाटा स्टील मेरामंडली, रॉ मटेरियल डिवीजन, टाटा स्टील गम्हरिया, एनआईएनएल (नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड), एचएमसी (हल्दिया मेट कोक) के वेंडर पार्टनर, यूनियन कमेटी के सदस्य, टीडब्ल्यूयू कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## बिरखाम में संथाल समुदाय के लोगों ने की बाहा बोंगा पूजा, मन्नतें पूरी होने पर चढ़ाई बलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के जोड़सा टोला बिरखाम में रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संथाल समुदाय के लोगों ने बाहा बोंगा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल पुजारी बालीगढ़ सोरेन व सुनील बेसरा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनिल बेसरा ने बताया कि क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करते हुए संथाल समुदाय के महिला - पुरुषों ने जाहेरस्थान में मत्था टेका। वही मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने मुर्गा व बकरा की बलि चढ़ाई। उन्होंने बताया कि बाहा बोंगा पूजा में बागालकाटा व गाड़ीग्राम से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। पूजा को सफल बनाने में मतिलाल सोरेन, डिबु मांडी, धर्मु किस्कु, सुखदेव सोरेन, समाय टुडू, करमु किस्कु समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# गीता थिएटर के कलाकारों ने बाल यौन शोषण पर किया नुक्कड़ नाटक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज आदित्यपुर स्थित शाल बगान में जमशेदपुर युवाओं की संस्था यंग इंडिया के सौजन्य से बाल यौन शौषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक बचपन बचाओ नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।नाटक में कलाकारों ने सेफ टच एंड अनसेफ टच के बारे में जागरूक करते हुए उपस्थित दर्शकों के सामने एक काल्पनिक परिवार को दर्शाया जाता है। जिसमें युवा लड़की के साथ उसके अंकल द्वारा यौन शोषण किया जाता है तब परिवार को कैसे चाइल्ड हेल्पलाइन से सहायता लेकर अपराधी अंकल को सजा दिलाया गया पुरी घटना नाट्य तारिके से प्रति किया गया। नटी दृश्य की समाप्ति के बाद उपस्थित दर्शकों को बताती है की यौन शोषण केवल लड़कियों के साथ ही नहीं बल्कि लड़कों का भी होता है। यौन शौषण से बचाने के लिए परिवार को अपने बच्चों को सेफ टच और अनसेफ टच के प्रति जागरूक करना जरूरी है। अंत मे उपस्थित दर्शक के रूप में बस्ती वाले, मुख्य आयोजक यंग इंडिया वं रोबिन के युवा सदस्यगण तथा गीता थिएटर के कलाकारो ने बाल यौन शोषण को भारत मे समाप्त करने के लिए शपथ लिया।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की छात्रा निधि कुमारी को गेट टेस्ट में मिला 697 रैंक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस द्वारा गेट परीक्षा 2024 का परिणाम शनिवार को जारी किया गया, जिसमें जमशेदपुर की निधि कुमारी पिता शशिकांत मिश्रा ने मानविकी और सामाजिक विज्ञान की अंग्रेजी शाखा से पूरे भारत में 697 रैंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण किया है। निधि कुमारी ने कुछ दिनों पहले ही यूजीसी नेट परीक्षा भी उत्कृष्ट अंको से पास किया है और पूर्व में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की होनहार विद्यार्थी भी रही है।निधि कुमारी का कहना है की गुरुजनों ,माता-पिता के आशीर्वाद एवं सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान कर पीएचडी की प्राप्ति कर स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## समारोह पर्यटन की दृष्टि से

**हिमाचल** के सांस्कृतिक परिदृश्य की निरंतरता में मंडी शिवरात्रि समारोह का ही नजराना पेश हो, तो पर्यटन की मंडी में आर्थिकी का नया दौर शुरू हो सकता है। हम इन सांस्कृतिक समारोहों की रौनक में मंचीय उपलब्धियां देख रहे हैं, तो सियासत की पगडियों में सत्ता का नूर मुखातिब होता है। कुल्लू से मंडी तक के समारोहों में देवताओं या बजंतरियों का नजराना बढ़ाने की मशक्कत, सांस्कृतिक संरक्षण की पैरवी में यकीनन इजाफा करती है, लेकिन इस तरह का उजास पूरे हिमाचल को परिभाषित नहीं करता। हिमाचल में देव स्तुति की अनेक परंपराएं बिना किसी संरक्षण के समाप्त प्रायः हो रही हैं। उदाहरण के लिए ढोलरू गायन परंपरा का सांस्कृतिक, सामाजिक व धार्मिक पक्ष निरंतर घट रहा है, तो इसलिए कि सरकारी तौर पर इसे बचाने के प्रयास नहीं हो रहे। भाषा एवं संस्कृति विभाग इस तरह की परंपराओं का मंचीन संबोधन बढ़ा सकता है, लेकिन न तो कलाकारों को प्रश्रय मिला और न ही विशिष्ट महीने के दौरान सार्वजनिक मंच प्रदान करते हुए इनका स्वरूप बदला। क्यों नहीं ढोलरू गायकों को भी सरकार की ओर से वार्षिक नजराना दिया जाए ताकि यह कला बची रहे। इतना ही नहीं ढोलरू समारोहों की एक श्रृंखला विभिन्न मंदिरों के परिसर में शुरू की जाए, तो समाज भी खुद को इनके करीब रख पाएगा। कुछ अन्य लोक नाट्य परंपराएं भी समय के साथ परिदृश्य से गायब हो रही हैं। ऐसे में अगर कुल्लू का दशहरा या मंडी की शिवरात्रि से जुड़े मंच हर साल नजरानों की पेशकश में सत्ता की सदाबहार चमक दिखाते हैं, तो इस तरह के वित्तीय प्रोत्साहन समूचे हिमाचल के प्रत्येक कलाकार को भी मिलने चाहिएं। हिमाचल में समारोह पर्यटन के जरिए आर्थिकी को समृद्ध करने के लिए जरूरी है कि आयोजनों के प्रारूप को बदला जाए। मंडी में शाही जलेब के पड्डल मैदान पर पहुंचते ही शोभा यात्रा का अशोभनीय पक्ष यह कि एक कांग्रेसी नेत्री के कपड़े फट गए। ऐसे में अगर बाहर से पर्यटक शरीक होना चाहें तो उनकी सुरक्षा के लिए हमने क्या किया। ऐसे सांस्कृतिक समारोहों के लिए अब एक खास अधोसंरचना, सुरक्षा दायरे, अनुशासिक प्रक्रिया तथा अतिरिक्त मैदानों की जरूरत है। मंडी में शिवरात्रि, कुल्लू में दशहरा या चंबा में मिंजर की लोक परंपरा को वैश्विक परिदृश्य में सुव्यवस्थित तथा रोचक बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की जरूरत है। बेशक सुक्खू सरकार ने कुछ मेलों व समारोहों को राज्यस्तरीय पोशाक पहना दी है, लेकिन इस तरह की श्रेष्ठता में हम क्या दिखाना चाहते हैं, इसके लिए नीति व प्रबंधन चाहिए। हमारा मानना है कि हिमाचल में एक मेला विकास प्राधिकरण के तहत ही तमाम सांस्कृतिक, धार्मिक व व्यापारिक मेलों का आयोजन करते हुए इन्हें पर्यटन समारोह भी बनाना होगा। अगर हम चाहते हैं कि सुजानपुर, चंबा या रामपुर बुशहर की धरोहर व ऐतिहासिक महत्त्व को पर्यटन का स्तंभ बनाया जाए, तो प्रक्रिया, प्रोग्राम व प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करना होगा। आम तौर पर ऐसे आयोजनों की कोई स्थायी वित्तीय व्यवस्था नहीं है, अतः प्राधिकरण के तहत आय-व्यय की जवाबदेही तय करनी होगी। हिमाचल की मेला संस्कृति में विविधता, रोमांच व पारंपरिक उल्लास के साथ-साथ अब ये कला, कलाकार, कुश्ती व व्यापार के संरक्षण में भूमिका निभा रहे हैं। अगर मेलों की कुश्तियों को पहलवानी के प्रशिक्षण के साथ जोड़ दें, तो हिमाचल का खेल ढांचा ग्रामीण खेलों को पुष्ट कर देगा। सरकार के पास इसका कोई अनुमान नहीं कि मेलों, सांस्कृतिक समारोहों व कुश्तियों के वार्षिक आयोजन में आय-व्यय का क्या हिसाब है। यही वजह है कि सियासत के दम पर केवल सत्ता का प्रभाव नेताओं की वकालत में हर वर्ष नया प्रचलन पैदा करता है। नेता मजबूत हो तो समारोह बढ़ जाते हैं या रंगत बिखेरते हैं, वरना न जाने कब हमीर उत्सव उदास या धर्मशाला का ग्रीष्मोत्सव बंद हो जाए। इन समारोहों की पद्धति को स्थायी, अनुशासित व जवाबदेह बनाने की जरूरत को नजरअंदाज करके हम न आर्थिकी का विकास करेंगे और न ही इन्हें पर्र्र्यटन का हिस्सा बना पाएंगे। प्रदेश का हर शहर अगर अपना स्थापना दिवस मनाए तो पर्यटन की मांग बढ़ेगी। हिमाचल में चाय, सेब, किन्नू के अलावा फूड उत्सवों को क्रमबद्ध किया जा सकता है, जबकि बुक फेयर, व्यापार मेले, लोक कला उत्सव, स्वयं सहायता समूहों से जुड़े मेले, हिमाचल क्रॉफ्ट फेयर, घृत मंडल तथा बैसाखी जैसे आयोजनों को सीधे पर्यटन की विरासत बनाना होगा। समारोह पर्यटन की दृष्टि से हर शहर में चार-चार नए सामुदायिक मैदान, जबकि हर गांव में कम से कम एक मल्टीपर्पज मैदान बनाने होंगे।

> कुल्लू से मंडी तक के समारोहों में देवताओं या बजंतरियों का नजराना बढ़ाने की मशक्कत, सांस्कृतिक संरक्षण की पैरवी में यकीनन इजाफा करती है, लेकिन इस तरह का उजास पूरे हिमाचल को परिभाषित नहीं करता। हिमाचल में देव स्तुति की अनेक परंपराएं बिना किसी संरक्षण के समाप्त प्राय : हो रही हैं। उदाहरण के लिए ढोलरू गायन परंपरा का सांस्कृतिक, सामाजिक व धार्मिक पक्ष निरंतर घट रहा है, तो इसलिए कि सरकारी तौर पर इसे बचाने के प्रयास नहीं हो रहे। भाषा एवं संस्कृति विभाग इस तरह की परंपराओं का मंचीन संबोधन बढ़ा सकता है ।


### राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं

## कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़

योगेंद्र योगी

> लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है।

**भाजपा** के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजेपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा



किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोडने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस ने पूरे देश में विपक्ष को एनडीए के खिलाफ इकठ्ठा करने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार किया, तब उसे लगा था कि देश की सत्ता तक पहुंचने के लिए यह रास्ता आसान होगा। लेकिन, एक-एक कर इंडिया गठबंधन से पार्टियां अलग होती चली गईं। सबसे पहले नीतीश कुमार जिन्होंने इस गठबंधन के लिए सबको इकठ्ठा किया था बीजेपी के साथ हो लिए। फिर ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को भी कांग्रेस का साथ रास नहीं आ रहा। ममता कांग्रेस पर निशाना साध रही हैं तो अरविंद केजरीवाल जिस तरह से लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का दावा कर रहे हैं उससे साफ हो गया है कि वह एकला चलो रे की राह पर बढ़ रहे हैं।

दृष्टि कोण

## निवेश सुविधा समझौते को रोकना कितना जायज

**डब्ल्यूटीओ** का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन अभी संपन्न हुआ है जिसमें इस बात पर भारी उत्सुकता दिखी कि क्या डब्ल्यूटीओ में एक और प्लुरिलेटरल समझौता, यानी एक समझौता जिसमें डब्ल्यूटीओ के सभी देश नहीं, बल्कि कुछ ही देश शामिल होंगे, जिसका नाम है विकास के लिए निवेश सुविधा समझौता (आईएफएडी) शामिल हो पाएगा? गौरतलब है कि इस प्रस्तावित समझौते को 120 से अधिक देशों का समर्थन प्राप्त था, यानी इसमें विश्व व्यापार संगठन की सदस्यता 70 प्रतिशत से अधिक देश शामिल थे। महत्वपूर्ण है कि डब्ल्यूटीओ एक बहुपक्षीय संगठन है, इसके अधिकांश समझौते प्रकृति में बहुपक्षीय रहे हैं, जिन्हें सभी सदस्य देशों ने मान्य किया। लेकिन विश्व व्यापार संगठन के गठन से पहले भी 'गैट' के अंतर्गत प्लुरिलेटरल समझौते होने की मिसालें हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यद्यपि डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत प्लुरिलेटरल समझौतों की अनुमति है, लेकिन डब्ल्यूटीओ में, बहुपक्षीय समझौते नियम हैं, जबकि प्लुरिलेटरल अपवाद हैं। आईएफएडी पर नाटक तब अचानक समाप्त हो गया जब भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ में इस प्लुरिलेटरल समझौते की कानूनी अस्वीकार्यता के बारे में डब्ल्यूटीओ में 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया।

**आईएफएडी क्या है :** आईएफएडी विश्व व्यापार संगठन द्वारा प्रस्तावित एक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान बनाना है। इसके लिए राज्यों को विनियामक पारदर्शिता और निवेश उपायों की पूर्वानुमेयता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह ध्यान दिया जाना




चाहिए कि यद्यपि प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय समझौता घरेलू नियमों के दायरे को सीमित करता है, आईएफएडी के मामले में यह स्थिति अधिक भयावह थी और निवेश सुविधा के नाम पर सदस्य देशों के संप्रभु अधिकारों की तिलांजलि दिए जाने का प्रावधान था।

आईएफएडी को लेकर भारत क्यों चिंतित था : आम तौर पर समझौते, चाहे प्लुरिलेटरल हों या बहुपक्षीय, तब बनते हैं जब देशों का एक समूह एक मान्य नियमावली पर सहमत होने के लिए इक_ा होता है, जिसका किसी मामले पर पालन किया जाएगा, और यह एक दूसरे के लिए पारस्परिक लाभ के लिए होता है। हालांकि आईएफएडी की खासियत यह है कि इस प्रस्तावित आईएफएडी को एक देश (चीन) ने अपने लाभ के लिए आगे बढ़ाया और एक प्रमुख सैन्य और आर्थिक शक्ति चीन द्वारा दबाव डालकर अन्य सदस्यों से आंख मूंद कर हस्ताक्षर करवाए गए। चीन का एकमात्र उद्देश्य आईएफएडी सदस्य देशों को अपने-अपने देशों में निवेश की सुविधा के लिए मजबूर करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है। प्रस्तावित समझौता सदस्य देशों को अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, मानक प्रथाओं को शुरू करने और नौकरशाही बाधाओं से बचकर किसी भी विदेशी इकाई द्वारा निवेश की सुविधा प्रदान करने का आदेश देता है। यह समझ में आता है कि पिछले एक दशक में चीन, विकासशील और यहां तक कि कुछ विकसित देशों को चीन द्वारा ही बनाई जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उदार वित्तपोषण का लालच देकर ऋण जाल में धकेलने के अपने विस्तारवादी एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। वर्तमान में बेल्ट रोड पहल की आड़ में चीन की ऋण जाल कूटनीति के कारण कई देश पहले से ही कर्ज में डूबे हुए हैं। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई अफ्रीकी देशों को चीन पहले ही अपनी इस कर्ज जाल कूटनीति से बर्बाद कर चुका है। प्रस्तावित समझौते से चीन को लूट, डकैती और अधीनता के लिए नए चारागाह प्राप्त करने में आसानी होती। बीआरआई के साथ चीन को एक नई विस्तारवादी शक्ति के रूप में देखा जा रहा है।

**आईएफएडी को कैसे रोका गया :** चीन सहित कुछ वैश्विक शक्तियों के इशारे पर आईएफएडी को डब्ल्यूटीओ के दायरे में लाने के लिए डब्ल्यूटीओ सचिवालय की मदद से चीन का यह नापाक प्रयास वास्तव में पूरी तरह से अवैध था। अनुबंध 4 में बहुपक्षीय समझौते के रूप में आईएफएडी को जोडने की प्रक्रिया में कई कानूनी मुद्दे शामिल हैं। सबसे पहले, प्रस्तावित आईएफएडी व्यापार समझौते के रूप में योग्य नहीं था।

कुछ अलग

## जंगल जीवन और अनुभव का संसार

**जब** मैं चौथी कक्षा में थी, तब हम मसूरी में रहते थे, लेकिन जल्द ही हम मुंबई में रहने लगे। मेरा मसूरी से मुम्बई का सफर मेरे लिए बहुत मुश्किल था। प्रकृति की मनोरम वादियो से परे कंकरीट के जंगलों मे मुझे मसूरी की बहुत याद आती थी। यही वह समय था जब मैंने हरियाली और पक्षियों से भरे प्राकृतिक स्थानों की शांति और सुंदरता का विश्लेषण करना शुरू किया। प्रकृति के प्रति इस रुझान के बावजूद, मैंने स्कूल में, वास्तव में सीनियर स्कूल में, पर्यावरण से संबंधित किसी भी चीज पर ध्यान नहीं दिया और न ही मैंने जीवन विज्ञान या वन्यजीव संरक्षण पर ध्यान दिया। 2015 में, जब मैंने बायोलॉजिकल साइंसेज के छात्र के रूप में पिलानी में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और साइंस में दखिला लिया, तब मेरे प्राकृतिक प्रेम को, जो मेरे मन मे कही सुप्तावस्था मे था उसे सतही होने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मेरे अपने कॉलेज का फोटोग्राफी क्लब को ज्वाइन करने के निर्णय ने मुझे स्वाभाविक रूप से पक्षी और प्रकृति फोटोग्राफी की ओर आकर्षित होने मे सहयोग प्रदान किया और मुझे पक्षीविज्ञान के क्षेत्र में शोध करने के लिये प्रेरित किया। शुरुआत में मेरा शोध कार्य मेरे आसपास की पक्षियों और पौधों के रिकॉर्ड बनाने और कुछ बुनियादी व्यवहार संबंधी अवलोकन करने तक ही सीमित था। एक शोधकर्ता के रूप में मुझे मेरा पहला पूर्णकालिक अनुभव तब प्राप्त हुआ, जब मैंने कोर्स की थीसिस के लिए 2018 में,देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान ज्वाइन किया। यहां मेरे अनुसन्धान का विषय देहरादून के शहरी क्षेत्रों में पक्षियों की आबादी और विविधता को प्रभावित करने वाले कारक- जैसे वनस्पति, शहरी हरे स्थानों का आकार (urban green spaces)का अध्ययन था। मैंने इस प्रोजेक्ट पर 6 महीने तक काम किया। 2019 में, मैं हिमाचल प्रदेश वन विभाग में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में शामिल हो गई। जहां मैं चिहिर नामक पक्षी के पुनरुत्पादन (reintroduction) प्रोजेक्ट मे कार्यरत थी। यह एक जमीन पर रहने वाला पक्षी है और केवल हिमालय के घास के मैदानों में पाया जाता है। कुछ अन्य कारणों के अलावा, निवास स्थान के नुकसान और खंडित शिकार के कारण इसकी संख्या में कमी आ रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए मैं सेरी नामक सुदूर गांव में रहती थी, जो शिमला से 40 किमी दूर है। मैं यहां दो साल तक रही और मैने रेडियो ट्रेसिंग और कैमरा ट्रैकिंग जैसी विभिन्न तकनीकें सीखी। मैंने स्थानीय समुदाय के साथ काम करना भी सीखा और जमीनी संरक्षण में मदद करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझा। इस परियोजना के एक अंश के रूप में हम जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मैंग्रोव की लचीलाई (resilience) को समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसे पता करने के लिए हम भारत में मैंग्रोव में दीर्घकालिक निगरानी क्षेत्र स्थापित कर रहे हैं। भारतीय तट के चुनिंदा मैंग्रोव क्षेत्रों में सतह की ऊंचाई में परिवर्तन को निर्धारित करने के लिए दीर्घकालिक निगरानी क्षेत्र स्थापित करके, यह कार्यक्रम प्रबंधन निर्णय लेने, पुनर्स्थापना की प्राथमिकताओं की पहचान करने, और मैंग्रोव संरक्षण के लिए हस्तक्षेप की योजना बनाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। इस परियोजना के अंतर्गत, मुझे आंध्र प्रदेश में कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य और पश्चिम बंगाल में सुंदरवन बायोस्फीयर रिजर्व में काम करने का अवसर मिला है। इस अध्ययनको आगेबढ़ाते हुये, मैं आने वाले दिनोमें जल्द ही अन्य मैंग्रोव क्षेत्रोंपर भी काम करूँगी। मुझे अपना कार्यपसंद है, लेकिन मेरा मानना है कि इसमें कई चुनौतियाँ हैं।

देश दुनीया से

## शानन प्रोजेक्ट विवाद व बेसिन राज्यों के हित



> आज दिन तक आवंटित भूमि पर हक हासिल करने के किए कई लोग मुकद्दमों में उलझे हुए हैं। जबकि परियोजना 70 के दशक में पूरी हो गई थी और पंजाब, राजस्थान को पानी और बिजली मिलने लग गई थी। किन्तु हिमाचल के हित आज तक फंसे हुए हैं।

**ब्रिटिश** राज में 1925 में कर्नल बेट्टी ने तत्कालीन राजा मंडी जोगिन्दर सेन से उनकी रियासत में पडने वाले क्षेत्र बारोट घाटी से सुरंग बना कर उहल नदी का पानी जोगिन्दरनगर में लाकर बनने वाले प्रपात से बिजली बनाने की योजना पर बात की। राजा की सहमति के बाद राजा और कर्नल बेट्टी के बीच 99 साल की लीज पर अपने क्षेत्र को शानन बिजली परियोजना के निर्माण के लिए देने का समझौता हुआ। अब 2 मार्च को लीज समाप्त हो गई है। हिमाचल ने परियोजना पर अपना दावा पेश किया है। पंजाब इस 110 मेगावाट की योजना पर अपना कब्जा छोडना नहीं चाहता है। इसके लिए उसने सर्वोच्च न्यायालय में स्टे के लिए रिट डाल कर एक मार्च को स्टे ले लिया है। अब सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर शानन प्रोजेक्ट का भविष्य निर्भर है। हिमाचल प्रदेश की सीमा के अंदर कोई संपत्ति लीज की अवधि समाप्त होने के बाद भी पंजाब की संपत्ति बनी रहे, यह किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। अतः हिमाचल प्रदेश का पक्ष बहुत मजबूत है और प्रोजेक्ट का हक हिमाचल को मिलने की पूरी संभावना है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान हिमाचल के बेसिन राज्य हैं। इस तरह इनका एक-दूसरे पर निर्भरता का प्राकृतिक रिश्ता है। इन राज्यों की जल आपूर्ति पूरी तरह से हिमाचल के पर्यावरण प्रबन्धन पर निर्भर करती है। हिमाचल एक छोटा सीमान्त हिमालयी राज्य होने के कारण संसाधनों के मामले में विशेष परिस्थिति राज्य है। हिमालय बहुत ही नाजुक और कम उम्र पर्वत श्रृंखला है, जिसकी ढलानें तेज, पथरीली, भूक्षरण का शिकार और आवागमन के लिए कठिन हैं। जहां निर्माण कार्य महंगा और प्राकृतिक आपदाओं के खतरे का शिकार रहता है। यहां की जमीनें उथली मिट्टी वाली हैं जिनकी उपजाऊ शक्ति कम है। अधिकांश भूभाग पथरीला और कुछ स्थायी बर्फ में ढका होने के कारण कृषि योग्य भूमि केवल 10 फीसदी ही है। केवल वन संसाधन ही हमारे पास हैं जिसका दोहन स्थानीय और राष्ट्रीय पर्यावरण हित में हम नहीं कर सकते हैं। वनों के अत्यधिक दोहन के परिणाम हम बाढ़ और सूखे के रूप में भुगतने के लिए मजबूर हो जाते हैं। साल दर साल ऐसे अनुभव सामने आते रहते हैं। जहां भी परियोजनाओं के लिए वन कटान हुए हैं वहां बरसातों में भूस्खलन झेलने पर मजबूर होना पड़ा है। विकास के वर्तमान ऊर्जा सघन मॉडल में वातावरण में धुआं बढ़ता जा रहा है जिसके चलते वैश्विक तापमान वृद्धि हो रही है। दुनिया में औद्योगिक क्रांति के बाद 2 डिग्री से ज्यादा तापमान न बढ़े, इस बात के प्रयास चल रहे हैं। इसलिए भी वन संरक्षण और कार्बन प्रचूषण के लिए वन संवर्धन की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। इस जलवायु परिवर्तन के दौर में हिमालय अधिक खतरे में आ गया है। माना जा रहा है कि आने वाले तीन-चार दशकों में हिमालय के ग्लेशियर पिघल कर समाप्त हो जाएंगे। इस परिस्थिति में हिमालय के वनों द्वारा अवशोषित जल ही बेसिन राज्यों की जल आपूर्ति के लिए आशा की किरण होगा। इन वनों की रक्षा और संवर्धन के लिए हिमाचल के पास आर्थिक साधन होने चाहिएं और स्थानीय जनता को पलने के लिए भी साधन चाहिएं। इस दबाव में प्रदेश वन संरक्षण जैसे जरूरी कामों के लिए जरूरी धन उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। कर्ज लेकर राज्य का काम चलाना पड़ रहा है। इसलिए बेसिन राज्यों को अपने पर्यावरणीय हितों, जल आपूर्ति, जलवायु नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण, भूजल भरण जैसे निजी हितों को ध्यान में रखते हुए भी हिमाचल के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और जिम्मेदारी भरी नजर रखनी चाहिए। किन्तु तात्कालिक लाभ के लोभवश ये राज्य अपना भी दीर्घकालीन हित देखना नहीं चाहते, जिसका उदाहरण अन्य भी कई मामलों में सामने आता रहता है। 1950-60 के दशक में बना भाखड़ा बांध अपने विस्थापितों को अब तक पूरी तरह से बसा नहीं पाया है। इसमें हरियाणा या पंजाब ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में कोताही की है। बीबीएमबी में 1966 में राज्य पुनर्गठन के समय तय की गई 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी का भुगतान अभी तक भी नहीं हो पा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 4000 करोड़ रुपए का एरियर हिमाचल के हक में हुए निर्णय के अनुसार हिमाचल को अभी तक भी नहीं दिया गया है। पौंग बांध के साथ भी यही स्थिति है। राजस्थान ने हिमाचली विस्थापितों के साथ जिस तरह का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार आज दिन तक किया है, वह शर्मनाक है। आज दिन तक आवंटित भूमि पर हक हासिल करने के किए कई लोग मुकद्दमों में उलझे हुए हैं। जबकि परियोजना 70 के दशक में पूरी हो गई थी और पंजाब, राजस्थान को पानी और बिजली मिलने लग गई थी। किन्तु हिमाचल के हित आज तक फंसे हुए हैं। केंद्र सरकार को भी इस ओर ध्यान देकर निर्णय करवाना चाहिए, किन्तु वहां से भी चुप जैसी स्थिति क्यों बनी रहती है, समझ से परे है।

आप का नजरीया

## महिलाओं की जीत

**राजस्थान** के एक सुदूर रेगिस्तानी गांव की बेटी महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन गई है। उसने अविवाहित महिलाओं के साथ सरकारी स्तर पर किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार उसमें जीत हासिल करके महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में सफलता हासिल कर ली है। यह कहानी है राजस्थान के बालोतरा जिले के गूगड़ी गांव की निवासी 26 वर्षीय मधु चारण की। एक गरीब मजदूर पिता की बेटी मधु के संघर्ष की बदौलत राज्य की हजारों अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने का अधिकार मिल सका है। हाल में राज्य की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस आशय के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। दरअसल, कई दशकों से राजस्थान में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने से वंचित किया जा रहा था। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन पदों के लिए आवेदनकर्ता महिलाओं का विवाहित होना जरूरी होने की शर्त लगा रखी थी। यह शर्त सीधे तौर पर अन्याय था, लेकिन कोई महिला इसके खिलाफ आवाज नहीं उठा रही थी। कहते हैं, कभी न कभी तो अन्याय का प्रतिकार होना ही होता है। विभाग की ओर से वर्ष 2019 में गूगड़ी गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन मांगे गए। मधु अपना आवेदन लेकर विभाग के कार्यालय में गई, लेकिन उसका आवेदन पत्र लेने से यह कहकर इनकार कर दिया गया कि उसकी तो अभी शादी नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों की बात सुनकर मधु हैरान रह गई। उसने प्रश्न किया कि जब वह आयु, शैक्षणिक योग्यता समेत तमाम शर्तों पर खरी उतर रही है तो उसके अविवाहित होने का सवाल क्यों? अधिकारियों ने उसे राज्य सरकार की शर्त होना बताकर वापस भेज दिया। मधु घर लौट आई, लेकिन लगातार सोचती रही। बार-बार यही ख्याल आ रहा था कि ऐसे तो पूरे राज्य में हजारों महिलाओं को सिर्फ इसलिए काम करने से वंचित किया जा रहा है क्योंकि वे अभी अविवाहित हैं। उसने इस बारे में जितना सोचा, उतना ही परेशान होती चली गई। आखिरकार, उसने इस अन्याय के खिलाफ लडने की ठान ली। अगले दिन उसने पिता मूलदान चारण को अपना इरादा बताया। पिता ने उसकी लड़ाई में साथ देने की हामी भर दी तो मधु का हौसला दोगुना हो गया। उसने तत्काल एक तरफ तो अपना आवेदन-पत्र डाक के जरिए विभाग कार्यालय में भेजा, दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अन्याय को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा दिया। न्यायालय ने उसकी याचिका पर राज्य सरकार से जवाब-तलब कर लिया। मुकदमा शुरू हो गया। मधु ने करीब पांच साल तक कोर्ट में तारीखें भुगतीं। अंततः 4 सितंबर 2023 को वह दिन आ ही गया, जब हाईकोर्ट ने मधु के हक में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने महिलाओं के विवाहित होने की शर्त को अविवाहित महिला उम्मीदवारों के लिए अतार्किक और उनके अधिकारों का उल्लंघन बताया।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा आम चुनाव-2024 की तारीखों एवं आदर्श आचार संहिता संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। विदित हो कि 16 मार्च 2024 दिन शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तरीखों का घोषणा किया गया है। फलस्वरूप आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा ने सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि कुल सात फेज में चुनाव किया जाना है जिसमें चतरा लोक सभा क्षेत्र 04-चतरा का 5वें चरण में दिनांक-20 मई 2024 को चुनाव निर्धारित है। आगे उन्होने बताया सिमरिया, चतरा मनिका, लातेहार, पांकी इन सभी पांच विधान सभा क्षेत्र चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत आता है। 2019 में सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में पुरूष एवं महिला मतदाताओं की कुल संख्या-3,18,715 एवं चतरा विधान सभा क्षेत्र पुरूष एवं महिला मतदाताओं की कुल संख्या-3,58,065 थें जो वर्ष 2024 में सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में पुरूष एवं महिला मतदाताओं की कुल संख्या-3,68,706 एवं चतरा विधान सभा क्षेत्र में पुरूष एवं महिला मतदाताओं की कुल संख्या-4,20,223 हो गई है। इसमें एसएसआर 2024 के तहत अभी तक नए पुरूष एवं महिला मतदाता सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में 49991 एवं चतरा विधान सभा क्षेत्र में 62158 कुल 1,12,149 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। वहीं 80. मतदाताआ सिमरिया में पुरूष एवं महिला 3506 एवं चतरा में पुरूष एवं महिला 3953 कुल 7459 मतदाता 2019 में थे। जो कि वर्ष 2024 में सिमरिया क्षेत्र में 4241 एवं चतरा क्षेत्र में 4283 कुल 8524 मतदाता है। वहीं सिमरिया में 735 एवं चतरा में 330 कुल 1065 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। दिव्यांग मतदाता की संख्या 2019 में सिमरिया क्षेत्र में महिला एवं पुरूष 559 एवं चतरा क्षेत्र में पुरूष एवं महिला 995 कुल 1154 मतदाता थे। वहीं 2024 सिमरिया में 5387 एवं चतरा में 7092 कुल 12479 मतदाता है। सिमरिया में 4828 मतदाता एवं चतरा में 6497 मतदाता कुल 11325 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। आगे उन्होने बताया चतरा लोक सभा क्षेत्र में कुल बुथ 1899 है पोलिंग स्टेशन लोकेशन कुल 1399 है। वैसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका वो नामांकन की अंतिम तारीख के 10 पहले तक केवल प्रपत्र-6 (निबंधन) स्वीकार किए जायेंगे। प्रपत्र-7 (विलोपन) प्रपत्र-8 (शुद्धिकरण) अधिसूचना के तारीख से ही बंद कर दिया जायेगा। लोक सभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु 19 कोषांगों का गठन किया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग प्लान भी तैयार की गई है। फेक न्यूज आदि पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है। आदर्श आचार संहिता जिले अंतर्गत सीआरपीसी की धारा-144 प्रभावी है, जो कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो प्रभावी है। किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/ संगठन के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा। पूरे जिले में रात्रि 10:00 बजे से प्रातः06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा।

# जेएसएलपीएस के महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव के पांडेटोला में जेएसएलपीएस के महिलाओं के द्वारा रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसकी अध्यक्षता आशा कुमारी ने किया। जहां मतदाता से जुड़े प्रस्तावना पढ़ते हुए शपथ दिलाया गया। बताया गया कि लोकसभा को देखते हुए 2024 में होने वाली चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सही तरीके से अपना मत देकर देश के उत्थान के लिए सरकार चुने मौके पर बिंदु देवी गीता देवी कंचन रजनी देवी नीलम कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# अनुसूचित जनजाति के लोगों ने पंचायत भवन में की बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर के अंतर्गत पंचायत भवन में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवास वन वनोपार अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 नियम 2008 एवं संबोधित नियम 2012 के तहत रविवार को बैठक किया गया। बैठक मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में किया गया। संचालन वन समिति के सचिव मुकेश कुमार ने किया। उपस्थित लोगों ने वन अधिकार समिति के जिला समन्वयक अशोक भारती ने वन अधिकार कानून की कई अहम जानकारी दिए। इसके साथ 13 दिसंबर 2005 से पहले जिस किसी ने वन भूमि पर जीविका उपार्जन के लिए जोत कोड कर रहे हैं। उसकी व्यक्तिगत दावा करने के लिए 28 मार्च 2024 से पहले माफी करने की बातें कही गई है। बैठक में उपस्थित विजय भुइयां खुशहाल दांगी मंजू देवी मीरा देवी कुंती देवी कैलाश राम उदय दांगी मुनेश्वर दांगी मुसाफिर कुशवाहा संतोष कुमार सुनीता देवी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# जदयू पिछड़ा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने कुलदीप



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार में लंबे समय से सत्ता पर काबिज रह रही जनता दल यूनाइटेड झारखंड में भी पांव पसारना शुरू कर दिया है। मयूरहंड प्रखंड में जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा मोर्चा का गठन किया गया। जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष देवकुमार दांगी हुआ जदयू चतरा जिला अध्यक्ष रामआशीष कुमार प्रदेश सचिव नंदकुमार निराला, जदयू के चतरा जिला सचिव विनोद दांगी चतरा, विधानसभा के पूर्व जदयू प्रत्याशी केदार भुईयां व इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजू ठाकुर के उपस्थिति में कुलदीप मेहता को प्रखंड अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया वहीं शत्रुघ्न दांगी को सचिव बनाया गया।मौके पर जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा मोर्चा के सदस्य बिल्टू कुशवाहा खूभलाल साव शिवदयाल दांगी पिंटू मेहता गणेश कुशवाहा समेत भारी अधिसंख्य में पाट्री समर्थक मौजूद थे।

# बालूमाथ में अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक, कई संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयन्ती भव्य तरीके से मनाने के लिए एक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता अंबेडकर चेतना मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने किया। इस बैठक में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।वही अंबेडकर चेतना मंच की अगली बैठक 19 मार्च को दिन मंगलवार को सुबह 8 बजे रखा गया है। जिसमे बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज तीनो प्रखंडो से अंबेडकरवादीयो को अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया गया है। मौके पर गोपाल राम, बालकेश्व राम, दीपक यादव, तुलसी राम, मीडिया प्रभारी राम कुमार भुईयां, बाबूलाल राम, सकेन्द्र राम, फुनु कुमार राम, ब्रह्मदेव राम, आहित्य राम, गोविंद दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज गिद्धौर ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज प्रखंड गिद्धौर के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया। यह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय के अध्यक्षता में की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतीत प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक एवं प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी पांडेय जिला अध्यक्ष संजय पांडेय शामिल हुए। और श्री परशुराम के चित्रांकन पर पुष्प चढ़ाकर दीप जलाकर स्वास्थिवचन एवं शंख ध्वनि के साथ पूजा अर्चना किए। कार्यक्रम में एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली के त्यौहार शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था से मनाई जाए संकल्प लिए। उसके बाद ढोलक हरमोनिया झाल के साथ जमकर झूमे नाचे गाए और अबिर गुलाल उड़ाते हुए जोगीरा सा रा रा के साथ कार्यक्रम को किया। मौके पर उपस्थित प्रदेश व जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय विकास पांडेय बैजनाथ पांडेय ए प्रदेश मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय प्रखंड से लक्ष्मी पांडेय उपेंद्र पांडेय सत्यदेव पांडेय आनंद पांडेय प्रदीप पांडेय रविंद्र पांडेय अशोक पांडेय जसवंत पांडेय लखन पांडेय मुनि पांडेय मुकेश पांडेय दुलार पांडेय श्रीकांत पांडेय दिनेश्वर पांडेय जमुना पांडेय राजकुमार पांडेय ओमप्रकाश पांडेय प्रमोद कुमार पांडेय सुधीर पांडेय रोहित पांडेय कामदेव पांडेय एवं दर्जनों विप्र बंदु शामिल थे।

# जेपीएससी के बनाए गए केंद्र में संपन्न हुआ शांतिपूर्ण परीक्षा

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय एवं मिडिल स्कूल में जेपीएससी परीक्षा केंद्र बनाया गया।जहां रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से दोनों केन्द्रों में परीक्षा संपन्न हुई। बताते चलें की प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में कुल 336 छात्रों का नाम था। जिसमें 237 उपस्थित हुए। एवं 99 अनुउपस्थित रहे।वही मिडिल स्कूल में 168 बच्चे का नाम था। जिसमें 111 उपस्थित हुए। एवं 57 अनु उपस्थित रहे।

# चंदनडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के चंदनडीह में स्वामी विवेकानंद पार्क स्थित गायत्री प्रज्ञा कुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के समन्वयक दिलेश्वर यादव एवं रितेश कुमार ने कहा कि ये त्यौहार रंगों का त्यौहार है ये सामाजिक सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देता है। होली रंगो के तरह ही समरस होने का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अविर गुलाल लगाकर गल्ले मिले एवं खुशी खुशी होली का पर्व मनाने के संकल्प के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुई। कौसल शर्मा, बलराम सिह रितेश कुमार निकु, दिलेश्वर यादव, बबन पासवान, अरविंद पाण्डेय, संदीप प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, संचित प्रजापति, अनिता देवी, उर्मिला देवी, पुष्प वर्मा, विरेंद्र प्रसाद रमेश उरांव कमलेश उरांव प्रकाश गुप्ता देवेंद्र प्रसाद लव कुमार तिवारी हिमांशु कुमार सहित सैकड़ों महिला पुरूष शामिल हुए।

# जेल अदालत-सह-विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 17 मार्च दिन रविवार को 11.00 बजे से स्थानीय मंडल कारा, लातेहार में झालसा, रॉंची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार, मिथलेश कुमार, एसडीजेएम लातेहार तथा राहुल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी लातेहार ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद, सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव, स्वाति विजय उपाध्याय ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी गयाी साथ ही साथ वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है उनको सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने की जानकारी दी। मिथलेश कुमार, एसडीजेएम लातेहार ने लातेहार कारा के बंदियों को प्ली बारगेनींग, प्लीड गील्टी, वन अधिनियम एवं सुलहनीय वादों के बारे में जानकारी दी। राहुल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी लातेहार ने कैदियों को संविधान प्रदत मौलिक अधिकार के साथ-साथ मैलिक कर्तव्यों के बारे में बताया साथ ही जेल से निकलने के बाद कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों ने कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता कर मुकदमा से निजात पाने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में मंडल कारा लातेहार के बंदी रंथु उरॉव के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भक्ति गीत गाया गया एवं राजेश महतो के द्वारा जेल में बिताये अनुभव के संबंध में स्वयं के द्वारा लिखे गीत को अपने स्वर में प्रस्तुत किया गया जिसे सुन कर सभी बंदीगण भावुक हो गयें तथा सभी न्यायिक पदाधिकारीगणों के द्वारा प्रशंसा की गयी।इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, मंडल कारा, लातेहार के द्वारा किया गया।

# अचार संहिता लागू होने के बाद भी नही हटे बैनर पोस्टर




**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ लोक सभा चुनाव के लिए आदर्श अचार संहिता 16 मार्च से ही लागू कर दी है। लेकिन कई राजनीतिक दलों के पोस्टर अभी तक नही हटाये गए है। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में जगह जगह प्रचार करते बैनर पोस्टर लगे है, और जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस पर नही है। ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखें बीते 16 मार्च को घोषणा कर दी है, इसमें सार्वजनिक स्थानों से राजनीतिक दलों की प्रचार प्रसार की सामग्री हटाई जानी चाहिए लेकिन अभी तक इन सब चीजों पर कोई ध्यान नही दिया है, जोगियाडीह मोड़ के पास भाजपा नेता रामधनी यादव, व जे एमएम जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ सहदेव का होर्डिंग बोर्ड लगे है इसके साथ ही प्रखंड मुख्यालय के समीप व एनएच 22 मार्ग में कई जगह पर राजनीतिक दलों का प्रचार में पोस्टर लगा हुवा है। वही इस संबंध में बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी को बोला गया है 24 घंटे का समय रहता है अगर नही हटाया गया तो जाँच कर कार्रवाई करेंगे।

# रेलवे क्लब में वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे क्लब में वार्षिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक उपाध्यक्ष सुधा दुबे समेत अन्य महिलाओं की मौजूदगी रही।इस दौरान होली मिलन समारोह कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर किया गया। जहां होली मिलन समारोह में महिलाओं का उत्साह चरम पर देखा गया वहीं कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए होली के गीतों पर जमकर झूमी और बधाई दी। समारोह को लेकर जिला परिषद के सदस्य संतोषी ने बताया कि लगभग 8 वर्षो से चल रहा यह कार्यक्रम काफी उत्साहवर्धक और महिलाओं के जोड़ने में कारगर साबित हो रहा है होली के रंगों में जहां महिलाएं सभी एक दूसरे के साथ खुशी के पल को यादगार बनाते जीवन को और बेहतर बनाने का संकल्प भी ले रही हैं। मौके पर रेलवे क्लब महिला समिति की यशी सिंह, सुनीता पाल, नैना कुमारी, अलका सिंह, अमृता रश्मि, नेहा रमन, सुमन कुमारी, निधि कुमारी, संध्या वर्मा, सोनी देवी वंदना कुमारी, सोनम केसरी, सुनीता पाल, अलका देवी, किरण देवी, कविता देवी, किरण देवी, बिनु कुमारी, आरती ठाकुर, नंदनी कुमारी, पूनम देवी, पूजा देवी, मुस्कान देवी, अनिता कुमारी, समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# डीडीसी ने की एमसीएमसी के कार्यों की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह ने मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के कार्यो की समीक्षा की। सूचना भवन में आयोजित इस बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक प्रभात रंजन व समिति के सदस्य पत्रकार आशीष टैगोर शामिल थे।समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव की शुचिता बनाये रखने एवं पेड न्यूज के सूक्षम पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय एमसीएमसी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कमिटि का दायित्व लोकसभा चुनावों मे प्रत्याशियों के विज्ञापन एवं पेड न्यूज पर नजर रखने की है चाहे वह इलेट्रोनिक मीडिया हो या प्रिंट मीडिया इनमे विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार के विज्ञापन व पेड न्यूज पर नजर रखी जायेगी। समाचार की आड़ में राजनीतिक विज्ञापनों की पहचान समिति के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म या बल्क मैसेज पर भी एमसीएमसी की नजर रहेगी। प्रत्याशियों के विज्ञापन एवं पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए रोस्टरवार कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इनके द्वारा इलेट्रानिक मीडिया में 24 घंटे नजर रखी जायेगी। बैठक में अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

# रामनवमी पूजा कमिटी का गठन, ओमप्रकाश बनें अध्यक्ष



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम बभंडीह मे रविवार को तिरंगा क्लब के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश राम ने की। वही बैठक मे पुरानी पूजा कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी की गठन किया गया। बैठक में नई कमिटी का गठन करते अध्यक्ष के रूप में ओमप्रकाश राम वहीं संरक्षक प्रेम कुमार अधुरा और मोहन प्रसाद को नामित किया गया। वहीं कमिटी में उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, अमित सेन, सचिव पवन चौधरी कोषाध्यक्ष अमित कुमार उप कोषाध्यक्ष कुमार सावन रोहित रंजन और रितेश शामिल किए गए।बैठक के दौरान रामनवमीं पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर असलम अंसारी पूजा प्रभारी रविरंजन प्रसाद प्रभारी कुमार सावन झांकी प्रभारी गौतम बाबा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बरही नगर भवन में दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ने मनाया विदाई सह होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रविवार को बरही नगर भवन में दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ने 10वीं एवं 12वीं आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों को तिलक,गुलाल लगा कर एवं आरती उतार कर और डॉक्यूएमेंट्स फ़ाइल दे कर विदाई दिए। सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किए। जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों द्वारा संगीत निर्त्य की प्रस्तुतिकरण दिया गया। विद्यार्थियों ने अपनी सन्स्थान के प्रति अपनी अनुभव साझा करते हुए भावुक हो गए।सन्स्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि इस वर्ष पहली बार एग्जाम के बाद विद्यार्थियों की विदाई दी गई क्योंकि एग्जाम जल्द शुरू होने की वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई बाधा न हो इस लिए एग्जाम के बाद विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एवं प्रत्येक सालो के जैसा इस साल भी सत प्रतिशत रिजल्ट होने की बात किए। होली के संगीत पे सभी विद्यार्थी थिरकते हुए नज़र आए। मौके पे संस्थान के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बैठक में गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का लिया गया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस द्वारा जिला परिसदन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । अध्यक्षता दारू प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष सह संघ के संयोजक शशि मोहन सिंह ने की । इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी युद्ध स्तर पर तैयार रहें । उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन




तक पहुंचना होगा । केन्द्र में जब से भाजपा की सरकार आई मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ा है इसे जनता को बताना होगा । विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर शंकर अकेला ने कहा कि महागठबंन के सभी नेता व कार्यकर्ता को आपस में समन्वय बनाकर आगामी लोकसभा के चुनाव में उतरना होगा । उन्होंने कहा कि पिछली बार हम सब मिलकर हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व विधानसभा का चुनाव लड़कर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनाई थी उसी तर्ज पर एकता का चट्टानी परिचय देते हुए आगामी लोकसभा का चुनाव जीत कर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है । झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह जिला के संयोजक संजीव बेदीया ने कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा में झामुमो पुरा दम-खम के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय बनाने में कोई कसर नही छोड़ेगी । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चलाई जारही लाभकारी योजनाओं को लेकर हमें जनता के बीच जाना है । दारू प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार देश की संविधान के साथ छेड़-छाड़ कर लोकतंत्र को खतरे में ले आई है उसे बचाना हम इण्डिया गठबंधन के लोगों का कर्तव्य बनता है ।

## जेपीएससी परीक्षा में 1276 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**विष्णुगढ :** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता (जेपीएससी)परीक्षा 2023 के तहत विष्णुगढ़ के चार परीक्षा केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुई।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ में चार परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। जिसमे विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज विष्णुगढ़, +2उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ एवं मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ शामिल है। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों में कुल 1632 परीक्षार्थियों को शामिल होना था,परन्तु परीक्षा के दौरान 1276 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए।बताते है,कि इंटर कॉलेज विष्णुगढ़ में 624 में 469 अनुपस्थित,+ 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में 576 में 472 अनुपस्थित,परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 240 में 188 अनुपस्थित तथा मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में 192 में 147 अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 356 परीक्षार्थियों ने प्रतियोगिता परीक्षा में उपस्थित हुए। परीक्षा को लेकर विधि- व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

## नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में तीन प्रतिभागियों समेत जजमेंट पैनल में एक चयनित

**हजारीबाग :** 48 वें नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुगली, पश्चिम बंगाल में 19 से लेकर 23 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश भर के योगी अपना प्रदर्शन देंगे।प्रतियोगिता में जिले से तीन प्रतिभागियों का चयन हुआ है। जिसमें सृष्टि कुमारी, शत्रुंजय कुमार और विनीत कुमार सिंह शामिल हैं। है। प्रतियोगिता में जजमेंट पैनल के लिए रविंद्र कुमार का चयन हुआ है।ये सभी आज रात रांची से क्रिया योग एक्सप्रेस के द्वारा हुगली के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर हजारीबाग जिला योगा एसोसिएशन ने सभी को बधाइयां दी है। जिसमें हजारीबाग जिला योग संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिंहा, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजूर, उपाध्यक्ष अनूप राजेश लकड़ा, रीना सिंह, अशोक सिंह, सहसचिव ज्ञानोदय कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, शीला सिंह, कोषाध्यक्ष बहादुर राम आचार्य, विकास कुमार दास एवं हजारीबाग के सभी योग प्रेमी शामिल हैं। ने बधाई दी है तथा उनकी उज्जवल भविष्य की भी कामना की है। मौके पर जिला योग एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हजारीबाग के तीन प्रतिभागियों एवं जजमेंट पैनल में चयन होना बेहद ही सुखद खबर है। राष्ट्रीय स्तर पर हजारीबाग के प्रतिभागी अवश्य परचम लहरायेंगे।

## निर्मल जैन 92 वी बार रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने होली के पूर्व थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए , शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक रक्तदान शिविर का आयोजन किया , शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने 92वीं बार रक्तदान करके किया। तत्पश्चात रौनक जैन, रजत जैन, संकेत जैन, राजेश जैन,रॉबिन जैन , नीरज कुशवाहा, प्रेमजीत सिंह, (डब्लू)पूजा वर्मा ,सज्जन प्रसाद कुशवाहा, प्रभु गुप्ता ,सुनील कुमार सिंह, प्रिया रंजन , मनोज कुमार, उमेश कुमार मेहता शाहरुख अंजू कुमार विकास कुमार अजीत यादव विशाल कुमार एस ओझा दिवाकर कुमार आदि अनेक रक्तदाताओं रक्त दान कर मानवता का परिचय दिया।

## 19 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** होली को आओ त्यौहार हर तरफ उड़े अबीर और गुलाल इस दिन का सभी को खास इंतजार रहता है। इस दिन को और भी यादगार बनाने के लिए हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा 19 मार्च को स्टेशन क्लब के प्रांगण में सुबह 11ः00 बजे से 3ः00 बजे तक भव्य होली मिलन समारोह 2024 का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन में मशहूर भोजपुरी और नागपुरी कलाकार के साथ रंगारंग होली कार्यक्रम होगा जिसमें राष्ट्रीय कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार अपनी मनमोहक गीत से लोगों को अपनी और आकर्षित करेंगे। कलाकारों में निशा उपाध्याय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है, इनके साथ सुधीर पांडे,मनिता श्री एवं सतीश दास शामिल है, इसके अलावा हजारीबाग



के स्थानीय कलाकार भी अपनी कई प्रस्तुति देंगे। वृंदावन की होली के तर्ज पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सामाजिक संस्था,कोचिंग, ग्रामीण क्षेत्र में निमंत्रण भेजा जा रहा है। भव्य होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में जनता जनार्दन पहुंचेंगे। खूब होगा धमाल और झारखंडी व्यंजनों का यहाँ ले सकेंगे पूरा आनंद। रविवार को ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का दौरा करते हुए युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने युवाओं से मुलाकात की। 19 तारीख को आयोजित भव्य होली मिलन समारोह का निमंत्रण दिया। साथ ही युवाओं को हो रही विभिन्न परेशानियों से रूबरू हुए। युवाओं ने हर्ष अजमेरा का जोरदार स्वागत किया, हर्ष अजमेरा के साथ उनके परम मित्र सूरज दीक्षित, लखन खंडेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि आगामी 19 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है इस भव्य आयोजन में मशहूर भोजपुरी, नागपुरी कलाकारों के साथ हम और आप मिलकर मनाएंगे ।

## हजारीबाग भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चुरचू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को हजारीबाग भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल का चुरचू मंडल में जनसंपर्क अभियान के तहत चुरचू मंडल के लारा, चुरचू बोदरा,बाली, चिची, चरही ,पिपरा चौक में मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, बीना मिश्रा धनेसर सिंह संजीत यादव चनारो मुखिया ब्रज बिहारी महतो राकेश सिंह रोहित महतो प्रबिल यादव संजय साहू शशि साहू मो आरिफ अंसारी विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक, मो ताहिर अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष ,रोहित महतो संगीता देवी रंगीला रमेश यादव धीरज कुमार जोगेंद्र साव फुलेश्वर महतो सुरेश करमाली एवं कई नेता एवं कार्यकर्ता.

## बहेरा पंचायत में अबुआ आवास का किया गया शिलान्यास



**चरही :** रविवार को बहेरा पंचायत के वार्ड नंबर 09 ग्राम कजरी में लाभुक सरजू महतो मीना देवी और बिना देवी का अबुआ आवास बनाने हेतु, बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के द्वारा भूमि पूजन किया गया। वही मुख्य रूप वार्ड सदस्य पूनम देवी ,मुंतजिर अंसारी, सरजू महतो मीना देवी, बीना देवी, मीना देवी, पुण्य प्रकाश, साथ ही कई लोग मौजूद थे. जेपीएससी परीक्षा को लेकर विष्णुगढ के चार परीक्षा केंद्रों में भारी सुरक्षा।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कटकमदाग।** प्रखंड के बानादाग स्थित रविवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया घायल युवक प्रखंड के ही सादमपुर निवासी मो. सकूर बताया गया। वह साइकिल से बानादाग सप्ताहिक संडे बाजार आ रहा था। इसी दौरान एक प्रचार गाड़ी टेम्पो की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल ईलाज के लिए एसबीएमसीएच हजारीबाग भेजा गया। टेपो वाहन को जब्त कर लिया गया।

## बडकागांव पुलिस ने सखुआ का बोटा लदा ट्रैक्टर जप्त किया, मामला दर्ज

**बड़कागांव :** थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने रविवार अहले सुबह 3:30 बजे बादम चौक से सखुवा का 10 बोटा लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई के लिए जप्त ट्रैक्टर को बड़कागांव थाना लाया गया है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना में पुलिस के द्वारा मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध कारोबार में जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खपरियावां में कांदू विकास समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



**कटकमदाग।** प्रखंड के खपरियावां में कान्दू विकास समिति की ओर से पारिवारिक परिचय सह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख विमल गुप्ता, स्थानीय मुखिया राजेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार, ओमप्रकाश, सुनील कुमार, प्रखर प्रकाश सहित अन्य लोगों ने समाज की मजबूत व सुदृढ़ बनने पर विचार प्रकट किया। उपस्थित लोगों एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। फगुआ गीतों पर झुमते हुए खुशियां जाहिर की। कार्यक्रम में उप मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ साव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय राणा, समाज के अध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष राजेश रंजन, सचिव महेश प्रसाद साहू, उप सचिव राम स्वरूप प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता के अलावे समाज के सूचक चुन्नू कुमार, विवेक गुप्ता, धर्मेंद्र साहू, गौतम कुमार, संजय गुप्ता सहित समाज की महिलाएं उपस्थित थी।

## प्रभु श्री श्याम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई,पलक पांवड़े बिछा भक्तो ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** फागुन महीने में प्रभु श्री श्याम की आराधना देश भर में की जाती है।यहां तक कि विदेश में रहने वाले श्याम प्रेमी भी बाबा की आराधना में आतुर नजर आते हैं।श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के द्वारा भी शहर में दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी? सती मंदिर परिसर से भव्य निशान ध्वज शोभायात्रा निकाली गई, इसके पूर्व मंदिर परिसर में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान के रूप में टोडलमल खण्डेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी बीणा खण्डेलवाल ने प्रभु श्याम की पूजा अर्चना की। पूजा मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा कराया गया। शोभायात्रा में आगे आगे ढोल नगाड़े ,उसके पीछे बाबा श्याम का आकर्षक दरबार श्याम प्रेमियों को अपनी और आकर्षित कर रहा था। जिसके पीछे महिलाएं एवं पुरुष रंगीला निशान हाथों में



लेकर प्रभु श्री श्याम का गुणगान करते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए। शोभायात्रा में करीब 500 से भी अधिक श्याम प्रेमी शामिल थे। शोभायात्रा में भक्त बाबा श्याम का नृत्य करते हुए नजर आ रहे थे। तो वही शोभायात्रा में राधा कृष्ण की जीवंत झांकी शहर वासियों को आकर्षित कर रही थी, झांकी हजारीबाग जिले के बाहर से आई थी, तो वही शोभायात्रा में जीवंत हनुमान जी चल रहे थे। तो वही जीवंत लंगूर आकर्षण का केंद्र बन रहा था। शोभायात्रा के दौरान कई श्याम प्रेमियों के द्वारा अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठान से बाहर निकाल कर बाबा श्याम का दर्शन कर आरती कर रहे थे। शोभायात्रा में पुष्प वर्षा के साथ इत्र वर्षा की गई। वहीं शहर वासियों के बीच बुंदिया स्वरूप प्रसाद दिया जा रहा था। शोभायात्रा मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर से प्रारंभ होकर पुस्तकायन चौक, महावीर स्थान चौक, महेश सोनी चौक, कुआं चौक बजरंगी चौक, गोला चौक,मोहन सिनेमा, पंच मंदिर चौक, खण्डेलवाल चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,कांग्रेस ऑफिस रोड,गुरु गोविंद सिंह रोड,पैगोडा चौक,झंडा चौक, यादों बाबू चौक,कानी बाजार चौक होते हुए मुनका बगीचा पहुंचकर समाप्त हुई। भव्य शोभायात्रा का स्वागत सिख समाज, खण्डेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग,मारवाड़ी अग्रवाल समाज, दिगंबर जैन पंचायत हजारीबाग, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच , इनर व्हील क्लब, मारवाड़ी सम्मेलन, सनराइज क्लब सहित कई सामाजिक संस्था एवं कई समाज के द्वारा किया गया।

## आयोजित हुआ भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट का होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय शहीद स्मारक स्थल पर रविवार को भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट संगठन झारखंड की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुरूआत संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं वर्तमान जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ओझा की अगुवाई में उपस्थित भूतपूर्व सैनिको द्वारा शहीद स्थल पर पुष्प अर्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुआ।मौके पर अबीर गुलाल भी खूब उड़े।साथ ही झाल मंजीरे के साथ पूर्व सैनिकों ने होली गीत भी प्रस्तुत किया।होली के कई व्यंजनों ने इस मिलन समारोह में चार चांद लगा दिया।मौके पर मिथिलेश कुमार,अरविंद कुमार ओझा, शंकर कुमार, वासुदेव, एमपी यादव, मोहन कुमार,चतरा जिला अध्यक्ष समेत दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## गुलांचो कुमारी का साहित्य अकादमी में सांस्कृतिक धमक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** ज्ञात हो कि बीते 11मार्च से 16 मार्च तक साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा रविन्द्र भवन में विश्व का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में देश भर के 175 भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 1100 लेखक शामिल हुए थे। 15 मार्च 2024 को झारखंड से गुलांचो कुमारी ने कुड़माली जनजातीय भाषा का प्रतिनिधित्व कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने अपनी कुड़माली कविता चिन्हाप ,आस का हिंदी अनुवाद पहचान , उम्मीद का काव्य पाठ किया।आज से पहले इस समुदाय से किसी महिला रचनाकार ने कुड़माली भाषा का प्रतिनिधित्व नहीं किया था। पहली बार गुलांचो कुमारी ने कुड़माली जनजातीय परिधान पहन अपनी मातृभाषा कुड़माली का प्रतिनिधित्व किया और अपने समुदाय की पहली महिला साहित्यकार बनी, जिन्होंने कुड़माली भाषा संस्कृति को लोगों के बीच पुरे दम खम से रखा है। झारखंड से और भी साहित्यकार शामिल थे। सभी ने अपनी भाषा संस्कृति में काव्य पाठ कर अकादमी में अपनी उपस्थिति दर्ज की।यह




जानकर अत्यंत खुशी हुई कि अकादमी ने 13मार्च को विश्व की सबसे लंबी रीडिंग रिले का आयोजन मेघदूत ओपन थिएटर में किया था।इस विश्व कीर्तिमान आयोजन में गुलांचो कुमारी ने अपना पहला प्रकाशित खोरठा काव्य संग्रह- कबिता हामर सोक नाय से हामर भाषा संस्कृति नामक कविता का पाठ कर यहां भी एक कीर्तिमान स्थापित किया।आज तक खोरठा भाषा में किसी ने भी अकादमी में काव्य पाठ नहीं किया था। यहां भी गुलांचो कुमारी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर पहली कवयित्री होने का गौरव प्राप्त किया है। यह गौरवान्वित करने वाला पल था, जहाँ झारखंड से लगभग पंद्रह साहित्यकारों ने क्षेत्रीय भाषा में अपनी प्रकाशित रचना का पाठ कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।

## प्रदेश विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी के द्वारा स्थानीय दिगम्बर जैन धर्मशाला, में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह की अध्यक्षता लोकनाथ राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गौतम सागर राणा उपस्थित हुए, कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, नव झारखण्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, मुखिया पिंकी राणा, उपस्थित हुई ।बैठक में सभी प्रखण्ड से विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी और महिला पुरुष उपस्थित हुए और




एक दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि होली मिलन तो एक बहाना है दिल से दिल को मिलाना है आज पुरे झारखण्ड में विश्वकर्मा समाज के लोग संगठित हुए हैं और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। कहा कि लोकसभा चुनाव में विश्वकर्मा समाज किस दल को समर्थन करेगा इसका निर्णय विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया जायेगा। कायक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि पूरे झारखण्ड में प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में समाज मजबूत हुआ है समाज संगठित होने से हमें मजबूती मिलेगी और अब समाज को राजनितिक रूप से जागरूक होने की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के लोकनाथ राणा ने कहा को वर्षो से समाज की सेवा करता आ रहा हूँ शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है !

## झामुमो का 44 वा स्थापना दिवस 4 अप्रैल को हजारीबाग में मनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद के आवास में की गई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ सचिव संजय सिंह एवं संचालन कांडतरी पंचायत अध्यक्ष रविकांत महतो ने किया। संजय सिंह एवं झमन प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा की प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वां स्थापना दिवस 4 अप्रैल को हजारीबाग मटवारी मैदान में धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर उपस्थित पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, महेंद्र पासवान, विशेश्वर राम, दीपन साव, भारजीत कुमार, करमा भुईयां, सुनील राम, मोती भुइयां, भुनेश्वर महतो, देवनारायण महतो, मानिक लाल करमाली, सुरेंद्र मांझी, वाल्मीकि साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुशवाहा महासभा का हुआ होली मिलन समारोह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** कुशवाहा महासभा का होली मिलन समारोह हजारीबाग छठवा डैम अवस्थित काली मंदिर के समीप आयोजित किया गया जिसमें कुशवाहा समाज के सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समाज की एकजुटता को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखें। हजारीबाग कुशवाहा महासभा के होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी ताकत है जो समाज एकजुट होता है सभी जगह उन्हें सम्मान और हक अधिकार मिलता है। राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम सभी को एकजुटता का परिचय देना होगा। हमारे हक अधिकार की लड़ाई हमें खुद लड़नी है। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए तन मन धन से सभी को आगे आना होगा। इसके लिए समाज के लोगों का सहयोग जरूरी है आपके सहयोग से ही हम हर चुनौती का सामना करेंगे। कहा कि किसी भी पार्टी ने कुशवाहा समाज के लोगों को लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया है इसके लिए हम सभी मिलकर लड़ाई लड़ेंगे और अपना हक अधिकार लेकर रहेंगे कहा कि विनोद कुशवाहा आपका बेटा आपका भाई बनकर आपकी हर समस्या में आपके साथ खड़ा रहेगा। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता पन्नू महतो और संचालन सुधीर कुमार कुशवाहा ने किया। संबोधन करने वालों में प्रभु दयाल कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राम नारायण कुशवाहा, इंद्र नारायण कुशवाहा, बबलू कुशवाहा आदि शामिल थे। इस मौके पर प्रकाश दयाल कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, राजकुमार मौर्य, सूरज कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा, राजेश्वर कुमार, प्रकाश कुशवाहा, रोहित कुशवाहा अजय कुशवाहा दिलचंद कुशवाहा, गोपाल प्रसाद, गोविंद महतो, तुलसी महतो, चमन महतो, विजय कुशवाहा, चमन महतो, सुरेश प्रसाद, नागेश्वर महतो, नरेश प्रसाद, तपेश्वर प्रसाद, कैलाश महतो, वासुदेव महतो, सुधीर कुमार कुशवाहा, अर्जुन कुमार कुशवाहा, महावीर कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के सैकड़ो लोग शामिल थे।

## सिटी हॉस्पिटल में कैंप का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को नया सवेरा विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा भी सिटी हॉस्पिटल नया पुल सिहोडीह स्थित ऑपरेशन स्माइल मिशन दुर्गापुर के द्वारा सिलेक्शन एवं शल्य चिकित्सक कैंप का आयोजन किया गया । जहां 11 बच्चों का सिलेक्शन कर मेडिकल किट प्रदान किया गया ।वही मौके पर भी सिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर एके वर्मा ने कहा कि यह संस्था 2022 से कम कर रही है और अभी तक लगभग 400 से ज्यादा बच्चों को लाभ दिला चुकी है इस तरह के बच्चों का सिलेक्शन प्रत्येक माह किया जाएगा और गिरिडीह भी सिटी हॉस्पिटल के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा । जो दुर्गापुर स्थित आइक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मुक्त इलाज एवं ऑपरेशन कराया जाएगा। जहां किसी भी तरह का कोई खर्च नहीं आएगा जैसे आने-जाने रहने खाने और ऑपरेशन से लेकर 6 से 7 साल तक बच्चों का देख-रेख संस्था की ओर से किया जाएगा ।यह शिविर का विस्तृत जानकारी संस्था के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप तिवारी एवं सहयोगी शिव शंकर आजाद व दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी चंद्रकांत दत्ता एवं भी सिटी हॉस्पिटल के सभी स्टाफ कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के डीएवी स्कूल कोयला नगर एवं बीएसएस गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। धनबाद जिलें के 65 परीक्षा केंद्र में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता-2023 संचालित की गई है। परीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने क्लास रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम समेत अन्य स्थानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

# 72 घंटे बाद मिला कोदईबांक डैम में डुबे शोभन टुड्डू का शव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** तिसरी प्रखंड के कोदई बांक के डैम में मछली मारने गए दौरान बीते दिन बुधवार की शाम को डेम में डुबे शोभन टुड्डू का शव रविवार सुबह को घटना के चौथे दिन बाद डैम से बाहर निकाला जा सका। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम के द्वारा करीब चार घंटे तक कड़ी मशक्कत की गई, वही शनिवार को पूरा दीन भी खोज बिन का प्रयासरत जारी रहा लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी। बता दें कि डैम के पास ही टीम कैंप लगाकर शानिवार को रहे थे और रविवार की सुबह शव डैम में तैरता हुआ देखा तो तिसरी थाना प्रभारी और बीडीओ मनीष कुमार को सुचना दिया गया सुचना पाकर थाना प्रभारी और बीडीओ डैम के पास पहुंचे फिर टीम द्वारा शव को बाहर निकाला गया और टीम ने शव तिसरी पुलिस को सौंप दिया इधर तिसरी पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गए हैं वही बता दें कि मृतक परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है

बता दें कि एनडीआरएफ टीम देवघर के बी 9 बटालियन के इंस्पेक्टर भावेश झा के नेतृत्व में 14 लोग शव की तलाश कर रहे थे दो नाव पानी में उतारा गया था। शाम होने पर खोजबीन रोक कर अगले सुबह प्रयास करने हेतु कैम्प किए हुए थे। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर भिखारी राम, थाना प्रभारी संजय नायक, बीडीओ मनीष कुमार,राहुल यादव, जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल थाना सांसद प्रतिनिधी सुनील साव बेलवाना मुखिया प्रतिनिधी उमर फारुख सहित कई पुलिस जवान और सैकडो ग्रामीण जुटे थे।

## सात वर्षीय नन्हा रोजेदार इस्माइल ने रखा पहला रोजा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इस्लाम धर्म का पवित्र माह रमजान चल रहा है। लोग अकीदत के साथ इबादत मे समय गुज़ार रहें हैं और रोजा रख रहें है। वहीं रोजा रखने के मामले मे छोटे बच्चे भी बड़ों से पिछे नही हैं। इसी क्रम मे रमज़ान मंजिल, नया बाजार के रहने वाले स्वर्गीय डॉक्टर फैज़ अहमद के सात वर्षीय पुत्र इस्माइल अहमद ने अपने जीवन का पहला रोजा रख, सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चे की इस ज़ज़्बे की सभी ने तारीफें की। घर के लोग भी काफी खुश दिखे और बच्चे को ढेरों दुआएं दी। रिश्तेदार, पड़ोस एवं शुभचिंतकों के रूप मे बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं नन्हा रोजेदार इस्माइल ने बताया की उसे अपने घर वालों को देख रोजा रखने की प्रेरणा मिली। और आज वो रोजा रख कर काफी खुश है। आशा जताया की उसके स्वर्गीय पिताजी की आत्मा को भी ज़रूर खुशी मिली होगी।

## जेपीएससी परीक्षा में अभ्यर्थियों ने किया हंगामा प्रश्न पत्र लिक होने का लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य भर में चल रही जेपीएससी की परीक्षा के दौरान धनबाद जिले के पुटकी राजकीय उच्च विद्यालय में प्रश्न पत्र लिक़ होने का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। जेपीएससी परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने प्रथम पाली मे परीक्षा देने के बाद जेपीएससी परीक्षा पत्र लिक़ होने का आरोप परीक्षा केंद्र के प्रबंधन पर लगा कर हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगो का बुकलेट नंबर और ओएमआर शिट अलग था। प्रश्न पत्र का जो बंडल आया था वो पहले से ही खुला हुआ था। वही मामले की जानकारी होते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी और जिला प्रशासन की टीम स्कूल पहुंचकर अभ्यर्थियों को समझाया बुझाया। तब आधे घंटे हंगामा के बाद परीक्षा पूर्ण रूप चालू हो सका। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा को रद्द कर फिर से परीक्षा लेने की मांग की।

# इलाज में लापरवाही व अनदेखी देख भड़के युवा कॉग्रेस अध्यक्ष, सीएस से किया शिकायत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित चैताडीह मातृशिशु सदर अस्पताल में कई गर्भवती महिला के इलाज मैं की जा रही लापरवाही और अनदेखी किए जाने की शिकायत पर गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली अस्पताल पहुंचे और निरीक्षण के दौरान कोई भी ऑन ड्यूटी डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहने से भड़क उठे। वही अस्पताल कर्मियों पर अव्यवस्था और मनमानी को लेकर जमकर फटकार लगाई।गिरिडीह सीएस को फोन कर मामले से अवगत कराया गया साथ ही शीघ्र ही व्यवस्था में बदलाव लाने की बात कही गई । इधर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री तक उक्त मामले को लेकर लिखित रूप में शिकायत करने की बात कही गई ।मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि सुबह से ही मरीजों के द्वारा लगातार मिल रहे शिकायत के बाद चैताडीह के मातृशिशु सदर अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया और इस दौरान ऑन ड्यूटी डॉक्टर मेघा शर्मा जिनका अस्पताल के शेड्यूल में दोपहर 3ः00 बजे से लेकर रात 9ः00 बजे तक ड्यूटी थी पर मेरे पहुंचने के एक घंटे तक कोई डॉक्टर वहां मौजूद नहीं था और ऐसे ऐसी स्थिति में माना जा सकता है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों के साथ किया जा रहा यह बर्ताव कहीं से काबिले बर्दाश्त नहीं है ।क्योंकि इस तरह के अस्पतालों को सरकार ने आम जनता, गरीब, मजदूर, किसान के परिवार के लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा देने के लिए बनाया है पर कुछ निजी अस्पतालों और ऐसे सरकारी अस्पताल के कर्मियों एवं सहिया के मिली भगत से सरकारी अस्पताल में मरीज के परिजनों को इतना डरा दिया जाता है और इतना अनदेखी किया जाता है ।लोग वैसे स्थिति में कुछ बिचौलियों के बहकावे में आकर निजी अस्पताल भेज दिया जाता है ।जहां उनसे एक मोटी रकम ली जाती है मैंने इस मामले से माननीय स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया है । साथ ही शीघ्र ही जिला में स्वास्थ्य विभाग में हो रही गड़बड़ी के लिए संबंधित पदाधिकारी और इस तरह के मामले में संलिप्त अस्पताल कर्मियों पर कार्रवाई कराई जाएगी ।मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला महासचिव बंटी अली, रोहित कुमार, जिला सचिव मो0 इमरान, शाहरुख खान, विजय मुर्मू, छोटू खान, सूरज दास समय समेत अन्य कोई मरीज के परिजन मौजूद थे ।

# एसआईटी टीम ने मोहित कुमार रजक को चोरी की मोटर साइकिल के साथ किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा, रजत मणिक बाखला ने निरसा थाना परिसर में एक प्रेस वार्ता कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के द्वारा धनबाद जिला में लगातार हो रही मोटरसाइकिल की चोरी को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया है। जिसमें निरसा अनुमंडल से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, निरसा रजत मणिक बाखला, गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार, गलफारबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार शामिल रहे। वही वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ स्थित फौजी ढाबा के पास से एसआईटी टीम द्वारा एक अभियुक्त मोहित कुमार रजक को चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

वहीं अनुसंधान के क्रम में मोहित कुमार रजक की निशानदेही पर एसआईटी टीम द्वारा गोविंदपुर थाना अंतर्गत वनकाली, रामनगर के कृष्ण यादव उर्फ मयंक उम्र 22 वर्ष पिता जगदीश गोप उर्फ जगदीश यादव के घर से एक फर्जी नंबर लगा क्क्र 21 स् 1522 हीरो पैशन प्रो 13 स् बरामद किया गया। साथ ही गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कुमारडीह से एक पियाज्जो एप हरा पीला रंग का टेंपो मनसा राम महतो उम्र 50 वर्ष के घर के सामने से बरामद किया गया है।

साथ ही अभियुक्त मोहित कुमार रजत से पूछताछ के क्रम में उसने पुलिस टीम को बताया कि निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में उसके द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल पहले भी बेची गई है। पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज आगे की कार्रवाई मे जुटी है।

## कतरास थाना में पदस्थापित बलराम साहू बने पुलिस अवर निरीक्षक, कतरास थानेदार ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कतरास थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक से बलराम साहू को पुलिस अवर निरीक्षक के रूप में पदोन्नति मिला है। इनके पदोन्नति पर कतरास थाना में हर्ष व्याप्त है। धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने एक सादे समारोह आयोजित कर साहू को बैच प्रदान किया। साहू के पदोन्नति पर कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, कतरास प्रेस क्लब के महासचिव विनय वर्मा, पत्रकार दीपक गुप्ता सुमन सिंह, जितेंद्र पासवान, मोहम्मद राजा, सोहन विश्वकर्मा, सूरज देव मांझी आदि ने बधाई दी है।

## नेशनल हाईवे, रेलवे स्टेशन, सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार जारी रहेगी चेकिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने आज रेलवे, सीआईएसफ, जीएसटी, एक्साइज, इनकम टैक्स, कस्टम, बैंक सहित अन्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान धन-बल का उपयोग नहीं हो, यह सुनिश्चित करना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। मतदाताओं के बीच शराब या कैश बांटना, प्रलोभन के लिए कोई भी वस्तु फ्री में देना, डराना या धमकाना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करना इत्यादि पर जिला प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। बैठक में सभी बैंक को वैसे संदिग्ध बैंक अकाउंट, जिसमें चुनाव के दौरान अचानक बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन हो रहा है, पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही रेलवे स्टेशन, नेशनल हाईवे, बस स्टैंड, इंटर स्टेट बॉर्डर, जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर नियमित रूप से चेकिंग अभियान जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल चोरी होना आम बात : वाहन मालिक




**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी जैसे क्षेत्रों में वाहन चोरों के लिए सुरक्षित स्थान माना जा रहा है कोई भी ऐसा महीना नहीं कि वाहनों पर चोरों द्वारा हाथ साफ़ न किया गया हो ताजा घटना गोविंदपुर निवासी आसनडाबर गांव में किसी के मकान में टाईल्स मार्बल का काम करने आया हुआ था तभी चोरों ने उक्त वाहन को चोरी कर लिया गया काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिलने पर अंततः टुंडी थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया। टुंडी के लोगों के लिए मोटरसाइकिल चोरी की घटना एक सरदर्द बनता जा रहा है लोग बाजार भी जाते हैं तो एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल की निगरानी करने के लिए अपने साथ लेते जाते हैं। टुंडी में मोटरसाइकिल की चोरी में लगातार वृद्धि को लेकर लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है एवं वाहन मालिकों में किंकर्तव्यविमूढ़ जैसी स्थिति हो गई है और लोग पुलिस की घोर लापरवाही मान रहे हैं।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन तैयार : उपायुक्त

## नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024



प्रभात मंत्र संवादाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के बाद पत्रकार वार्ता कर मीडिया से कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 रहेगी। 7 मई 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को उम्मीदवार द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। उन्होंने कहा कि धनबाद में 25 मई 2024 को मतदान किया जाएगा। 4 जून 2024 को मतगणना की जाएगी तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की है। साथ ही उन्होंने युवा वोटरों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा को लेकर 1314 भवनों में 2378 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 918 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1183 बूथ है।

### 25 मई 2024 को धनबाद में मतदान

पर्दानशीन बूथ की संख्या 157 एवं महिला बूथ की संख्या 47 है। महिला बूथ में लगभग 2500 महिला कर्मी मौजूद रहेंगी। उन्होंने कहा धनबाद में 20 लाख 26 हजार 792 मतदाता है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 62 हजार 892, महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 63 हजार 852 एवं 48 ट्रांसजेंडर मतदाता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद में 27493 पीडब्ल्यूडी, 85 वर्ष से अधिक उम्र के 6828 वोटर है। 18 वर्ष से ऊपर के फर्स्ट टाइम वोटरों की संख्या 46997 है। इसमें मेल वोटर की संख्या 21038 व फीमेल वोटर की संख्या 25958 तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता है। एसएसआर - 24 पर प्रकाश डालते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2023 से 22 जनवरी 2024 तक कुल 54367 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया। वही 37606 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो गई है। चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार इसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के लिए जिले में 12 चेक नाके बनाए गए हैं। आज से फ्लाइंग स्क्वाड की 63 टीम तीन शिफ्ट में 24 घंटे कार्यरत रहेगी। साथ ही सी-विजील एप में प्राप्त विभिन्न सूचनाओं की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम करने के लिए एक 1000 से अधिक वैसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया है जो पिछले 5 साल में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। जिनके ऊपर तीन से अधिक मामले दर्ज होंगे उन पर सीसीए लगाने की अनुशंसा की जाएगी।

## उपायुक्त व एसएसपी ने पोस्टल बैलेट मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच. पी. जनार्दनन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कृषि बाजार स्थित चिन्हित पोस्टल बैलेट मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरन जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलेट मतगणना के दौरान काउंटिंग हॉल एवं उसमें दी जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मतगणना केंद्र में दी जाने वाली टेबल, कुर्सी आदि की व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, अपर नगर आयुक्त माहेश्वर महतो, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चलते चलते एक नजर

## चंपई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हुई, भ्रष्टाचार को बढ़ाया आगे : विनय सिंह



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिनय कुमार सिंह ने कहा कि चम्पई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हुई है। चम्पई सोरेन सरकार ने भी पूर्वर्ती हेमन्त सोरेन सरकार की तरह भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाया है।कहा कि राज्य सरकार को युवाओ की तनिक भी चिंता है तो सीबीआई जांच की हिम्मत दिखाएँ मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन। कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त परीक्षा की गारंटी होगी। दो बार जेपीएससी परीक्षा हुई। 2 वर्ष पूर्व 7-10वीं परीक्षा के एक सेंटर में क्रम से लोग पास हुए, बाद में किसी का ओएमआर शीट नही मिला और आज जेपीएससी 11वीं की परीक्षा में चतरा और जामताड़ा जिला में प्रश्न पत्र सिल खुला हुआ मिला। कहा कि इससे पूर्व छ्वस्स्ष्ट ष्टत्तरु की परीक्षा में 30-40 लाख में प्रश्न पत्र बिका। ईडी कार्यवाई में भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विनोद सिंह के चैट में इसका खुलासा हुआ। साथ ही कई छात्रों का एडमिट कार्ड भी विनोद सिंह के आवास से मिला। मौके पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थी।

## संघ में पांच की बजाय अब छह सह सरकार्यवाह बनाए गए

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में सांगठनिक कार्य विस्तार में और तेजी लाने के उद्देश्य से पांच के बजाय इस बार छह सह सरकार्यवाह बनाए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को यह निर्णय लिया गया। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक दत्तात्रेय होसबाले लगातार दूसरी बार अगले तीन वर्षों के लिए सरकार्यवाह के पद पर चुने गए हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने सहयोगी के तौर पर नई अखिल भारतीय कार्यकारिणी में इस बार छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए हैं। निवर्तमान कार्यकारिणी में पांच सह सरकार्यवाह थे, जिसमें से चार को नई कार्यकारिणी में भी बरकरार रखा गया है। इसी के साथ दो नए सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। जिन दो नए पदाधिकारियों को सह सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया है उनमें अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख आलोक कुमार और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अतुल लिमये शामिल हैं। बाकी चार सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार और रामदत्त चक्रधर पिछली कार्यकारिणी में भी थे। निवर्तमान कार्यकारिणी में सह सरकार्यवाह रहे डॉ. मनमोहन वैद्य को अखिल भारतीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

## सुख गई पांकी की लाइफ लाइन अमानत नदी, पानी सप्लाई हुआ प्रभावित

# भीषण गर्मी में पांकी में जल संकट के बढ़े आसार

सुभाष चंद्र सिंह @ प्रभात मंत्र

**पांकी (पलामू) :** पांकी की लाइफ लाइन कही जाने वाली अमानत नदी मार्च के पहले ही सप्ताह में पूरी तरह सूख चुकी है, नदी के अचानक सूख जाने की वजह से पूरे प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की विकट स्थिति उत्पन्न होने वाली है, बीते दो दिनों से प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायत के कुल 48 गांव के लोगों को नियमानुसार पानी मिलना भी बंद हो गया है, जिससे लाभान्वित क्षेत्रवासियों के समक्ष अभी से ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, बीते दो दिनों से पेयजल की समस्या को लेकर जब नल जल योजना के सुपरवाइजर मिथिलेश कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया की अमानत नदी के सूख जाने की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है, उन्होंने बताया कि अमानत बराज के समीप बने इंटेक वेल में पानी भरने में अब 2 घंटे का समय लग रहा है और जैसे ही मोटर पंप चालू किया जा रहा है मात्र 25 मिनट में ही पानी सूख जा रहा है, ऐसे में पानी सप्लाई करने में बाधा उत्पन्न हो रही है, दिन प्रतिदिन पानी की मात्रा कम हो रही है जिससे आगामी दिनों में नल जल योजना पूरी तरह से बंद भी हो सकता है। इंटेक वेल से पानी निकाल कर सप्लाई करने हेतू 100 एचपी का मोटर पंप लगा हुआ है जो मात्र 25 मिनट में पूरी तरह इंटेक वेल को सोख ले रहा है, जिस कारण मोटर पंप को बंद करना पड़ रहा है ऐसे में इंटेक वेल से चौरहा स्थित फिल्टर सेंटर में पानी पर्याप्त नहीं पहुंच पा रहा जिसके परिणाम स्वरुप पांकी के तेतराई एवं सोरठ गांव में लगे दो बड़े टंकी को भी भरा नहीं जा पा रहा जिससे यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।आपको बता दें की वर्ष 2019 में लगभग 51 करोड़ की लागत के इस योजना का शिलान्यास हुआ था, व वी आर एस कंपनी को पांकी प्रखंड के 10 पंचायत के कुल 48 गांव मे हर घर पानी पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था, निर्माण कार्य के पश्चात वर्ष 2022 से ही कुछ पंचायत में लोगों को पानी मिल रहा था, एवं वर्ष 2023 के अंत तक 10 पंचायत के विभिन्न गांव में पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंच गया था व उन्हें नियमित रूप से पानी भी मिल रहा था लेकिन अब नदी के सूख जाने से योजना से पानी सप्लाई ठप होने के कगार पर है जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ी हुई है।



### अमानत बैराज योजना हो शुरू

पेयजल की समस्या से जूझ रहे चंद्रपुर गांव के ग्रामीण धीरज सिंह मोतीलाल सिंह अनिल सिंह रामकेवल सिंह सहित दर्जनों लोगों ने बताया की उक्त समस्या का हल अमानत बैराज योजना के शुरू होने से ही हो सकेगा, चुकी बैराज गेट के समीप ही नदी में नल जल योजना का इंटेक वेल बना हुआ है, ऐसे में अमानत नदी पर बने बैराज का गेट बंद होने पर वर्षा जल का संचय होगा तभी लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

इस संबंध में पलामू जिले के पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि यह योजना पूरी तरह अमानत नदी पर निर्भर है ऐसे में नदी सूख जा रही है तो सप्लाई भी पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी।

## संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को सूरतगढ़ लेकर पहुंची सीआईडी की टीम

एजेंसी

**श्रीगंगानगर :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़े गए आरोपित आनंदराज को सीआईडी की टीम रविवार को राजस्थान के सूरतगढ़ लेकर पहुंचे। आनंदराज वर्ष 2022 में सूरतगढ़ आर्मी कैंट के सामने एक मार्केट में वर्दी स्टोर का काम करता था। कुछ महीने यहां रहने के बाद वह बठिंडा चला गया। इसी दौरान वह संदेह के दायरे में आया और उस पर निगरानी रखी जाने लगी। आनंदराज बठिंडा के बाद अपने गृह क्षेत्र बहरोड में चला गया। आनंदराज को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ के आधार पर आर्मी वर्दी स्टोर के नाम से दुकान चलाने वाले आनंदराज को 5 सदस्यीय सीआईडी पुलिस की टीम एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सूरतगढ़ लेकर पहुंची और करीब 2 घंटे यहां पूछताछ और मौका तस्दीक के बाद वापस जयपुर के लिए रवाना हुई। कोटपूतली-बहरोड क्षेत्र की तहसील नीमराणा के गांव खुन्दरोठ निवासी आनंदराज (22) पुत्र मेनपाल राजपूत को सीआईडी पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की तीन महिला हैंडलर्स से जानकारी साझा करने के आरोप में उसके गृह क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इंटेलिजेंस) संजय अग्रवाल के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी द्वारा की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर निगरानी के क्रम में की गई थी। जांच में पता चला कि आनंदराज सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की तीन महिला हैंडलर्स के निरंतर संपर्क में था। सीआईडी इंटेलिजेंस जयपुर ने आनंदराज की गतिविधियों पर गहन निगरानी में पाया कि आनंदराज हनी ट्रैप की वजह से आर्मी से जुड़ी महत्व की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की तीन महिला हैंडलर्स से साझा कर रहा था। आनंदराज पिछले कुछ समय से वर्दी स्टोर का काम छोड़ कर बहरोड़ क्षेत्र में एक फैक्टरी में काम कर रहा था। बहरोड में रहने के दौरान भी वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की महिला हैंडलर से लगातार संपर्क में रहा और अपने सोर्स के जरिए सेना की गोपनीय जानकारी महिला हैंडलर्स को भिजवा रहा था। आनंदराज सूचना की एवज में पैसे लेता था।

## गढ़वा जिला प्रेस क्लब द्वारा हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला प्रेस क्लब द्वारा रविवार को लोकसभा चुनाव में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला सह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। उत्सव गार्डेन में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर हरिहरपुर के पत्रकार दुर्गेश सिंह एवं पत्रकार अरूण कुमार को न्यूज रिपोर्टिंग के लिये सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गयी है। लोकतंत्र का यह महापर्व है, इसमें पत्रकारों को भी कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिये भले इसमें जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन का फेवर हो या न हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जब भी किसी तरह के विवादित या अपराध आदि से जुड़ी खबरें चलायें तो उसे एक बार वेरिफाई जरूर कर लें। इस मौके पर लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर बोलते हुये वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक ने कहा कि संवैधानिक रूप से लोकतंत्र के तीन ही स्तंभ हैं, लेकिन पत्रकारिता को व्यवहारिक रूप से चौथास्तंभ माना जाता है। पत्रकारों को सही रूप से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहण करना आवश्यक है। कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बाद यूट्यूब व सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े पत्रकार भी जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को उठाने का काम कर रहे हैं। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाठक ने कहा कि हमें अपने समाचारों में कभी भी यह नहीं झलकने देना है कि हम किसी प्रत्याशी या दल विशेष के पक्ष में खबरें लिख रहे हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम के उदघाटन के पश्चात प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव कमलेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विजय प्रताप देव, संजय तिवारी, महेंद्र ओझा, नंद कुमार, श्रीकांत चौबे, ब्रजेश मिश्रा, भारत भूषण तिवारी, अंजनी उपाध्याय, पीयूष तिवारी, विजेंद्र तिवारी, शीतल विश्वकर्मा, गौरव पांडेय, मुकेश तिवारी, महमूद अंसारी, अभिमन्यु पाठक, प्रभाष मिश्रा, उपेंद्र दूबे, राजकमल तिवारी,प्रताप तिवारी संजय यादव आदि उपस्थित थे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें होली गीत गाये गये जिसमें स्थानीय कलाकार उमेश विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, बसंत कुमार, सुबोध कुमार, मौलिक विश्वकर्मा समेंत अन्य लोगों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुती दी।

# धोखाधड़ी मामले में 19 अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

एजेंसी




**बीकानेर :** जिले के छत्तरगड़ में करोड़ों रुपए की कृषि भूमि के गलत आवंटन में आरोपी तहसीलदार दीप्ति को जिला कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है।दीप्ति सहित 19 सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ बज्जू थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दीप्ति को निलंबित किया गया है। खास बात ये है कि कुछ दिन पहले ही दीप्ति को बज्जू का तहसीलदार बनाया गया था। जिला कलेक्टर नमृता वृष्णि ने निलंबन के आदेश शनिवार शाम जारी किए। छत्तरगढ़ तहसीलदार ने 13 मार्च को ही दीप्ति सहित 19 तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों व पटवारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। तब दीप्ति की पोस्टिंग नागौर के मकराना में थी, अगले ही दिन उसका तबादला बीकानेर के बज्जू में तहसीलदार पद पर हो गया। उसने 14 मार्च को ही बज्जू में ज्वाइन किया। इसके दो दिन बाद 16 मार्च को उसे सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि दीप्ति सहित कई तहसीलदारों ने पिछले पांच सालों में छत्तरगढ़ में कार्यरत रहते हुए भूमि आवंटन की गड़बड़ियों में कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की जांच रिपोर्ट अब तैयार हो चुकी है। ऐसे में सभी दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है। बीकानेर कलेक्टर नमृता ने ही राज्य सरकार को पत्र भेजा था, जिसके आधार पर संबंधित कलेक्टर को कार्रवाई के निर्देश सरकार ने दिए हैं। दीप्ति बीकानेर में ही ट्रांसफर हो गई, इसलिए उनके निलंबन आदेश बीकानेर से ही जारी हो गए। राजस्व मंडल अध्यक्ष की ओर से जारी आदेश के अनुसार निलंबन काल में तहसीलदार दीप्ति का मुख्यालय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर निर्धारित किया गया है। उसके खिलाफ सीसीए नियम 16 के तहत विभागीय जांच कार्यवाही विचाराधीन है। छत्तरगड़ में सरकारी भूमि बेचने के मामले में जिन 19 अधिकारियों व कर्मचारियों पर एफआईआर हुई है, उनमें दीप्ति के अलावा भी कई तहसीलदार शामिल है। एफआईआर में तहसीलदार सुरेंद्र जाखड़ (श्रीगंगानगर), तहसीलदार कुलदीप सिंह (सार्दुलशहर), नायब तहसीलदार राजेश (राजियासर), नायब तहसीलदार सरवरदीन (कोलायत), भू निरीक्षक मकसूद (सत्तासर), भू निरीक्षक मुकेश गोदारा (सत्तासर), भू निरीक्षक जसवीर (सत्तासर), भू निरीक्षक सुरेंद्र कुमार गोयल (श्रीगंगानगर), पटवारी सुशील मीणा (मोतीगड़), वीरेंद्र सिंह (मोतीगड़), अजेंद्र सिंह (मोतीगड़), पटवारी जसवीर (मोतीगड़), पटवारी देवराज (घेघड़ा),विकास पूनिया, अनीता शर्मा और पेमाराम सारण के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

## मृतक शंकर कच्छप के बेटे ने बीजेपी नेता सनी से कहा, मैं पढ़ना चाहता हूं

**बेड़ो :** लोहरदगा लोक सभा के सह संयोजक सह भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने रविवार को मृतक शंकर कच्छप के स्वजनों से मिले। ज्ञात हो कि बेड़ो निवासी शंकर कच्छप को गुरुवार की शाम में बेड़ो सब्जी मंडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद सन्नी टोप्पो ने मृतक की मां एतवारी कच्छप , पत्नी रिया कच्छप , बेटा अनीश कच्छप व स्वजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ हूं। वहीं अनीश कच्छप ने सन्नी टोप्पो से बेड़ो डीएवी विवेकानंद स्कूल में पढ़ने की बात कहने पर सन्नी टोप्पो ने कहा आपका नामांकन हम डीएवी में करा देंगे मन लगाकर पढ़ाई करना। मौके पर करमा उरांव मौजूद थे।

# लंदन में भाजपा के समर्थन में हुआ कार रैली का आयोजन

एजेंसी



**लंदन :** ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया था। रैली नॉर्थोल्ट में कच्छ लेवा पाटीदार समाज परिसर से शुरू हुई और वेम्बली में स्वामीनारायण बीएपीएस मंदिर में समाप्त हुई। हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन कहते हैं कि भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने रक्षा और सुरक्षा में सहयोग पर भारत के साथ एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। हम भारत में हो रहे विकास से प्रेरित है। हम चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री चुने जाएं और भाजपा फिर एक बार सरकार में आए।इसके अलावा, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा आम चुनावों की घोषणा दुनिया के सबसे बड़े और भव्य लोकतांत्रिक त्योहार की प्रक्रिया शुरू करती है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ चुनाव लड़ेगा। यह देश के लोगों की सेवा करने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का एक अवसर है।

## महादेव सट्टा ऐप केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज



एजेंसी

**रायपुर :** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महादेव सट्टा ऐप केस में आर्थिक अपराध शाखा और एसीबी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल समेत कई अज्ञात पुलिस अफसर और कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफआईआर महादेव बेटिंग ऐप के मालिकों से 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने बघेल को राजनांदगांव से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है।जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एफआईआर ईडी द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट के आधार पर दर्ज की है। यह एफआईआर 4 मार्च को दर्ज की गई थी, लेकिन इसका खुलासा अब हुआ है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि भूपेश बघेल और उनके सरकार के कई मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों को महादेव बेटिंग ऐप ने करोड़ों रुपये प्रोटेक्शन मनी दी है। ईडी ने चंद्राकर और उप्पल के करीबी असीम दास को तीन नवंबर को रायपुर के एक होटल की पार्किंग से गिरफ्तार किया था। इस दौरान असीम दास की गाड़ी और घर से पौने तीन करोड़ रुपये बरामद किए थे। असीम ने बयान में कहा था कि वो ये पैसे किसी भूपेश बघेल को देने आया था। इसी दौरान असीम ने यह राजफाश किया था कि वो अबतक 508 करोड़ रुपये भूपेश बघेल को पहुंचा चुका है। इसी आधार पर भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईडी एक साल से अधिक समय से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। राज्य की आर्थिक अपराध शाखा/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर, 4 मार्च को यहां ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में बघेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और ऐप के प्रमोटरों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 14 अन्य को एफआईआर में आरोपित के रूप में नामित किया गया है। इस केस में कई नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों और ओएसडी को भी आरोपित बनाया गया है। भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 120बी, 420 और 471 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# जंग मोदी की गारंटी व कांग्रेस की न्याय गारंटी के बीच मुकाबला

एजेंसी





**नई दिल्ली** : सियासत में बाजी जीतने के लिए वादे और दावे दलों के अब तक के मुख्य हथियार रहे हैं। पर, इस बार स्थिति बदली-सी है। वादे और दावे की जगह भरोसे और गारंटी ने ले ली है। इसमें भी, सबसे अधिक चर्चा मोदी की गारंटी और कांग्रेस की न्याय गारंटी की है। लड़ाई चेहराविहीन विपक्षी गठबंधन और ब्रांड मोदी के बीच है। भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए और कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्ष ने भरोसा व गारंटी देने के लिए इस बार चुनावी तारीखों की घोषणा तक का इंतजार नहीं किया। एनडीए की ओर से खुद पीएम नरेंद्र मोदी मतदाताओं को 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने, तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने जैसी कई तरह की गारंटी दे रहे हैं। वहीं, कांग्रेस युवाओं को सरकारी भर्ती के भरोसे के साथ नौकरी की गारंटी, महिला, गरीब और किसान वर्ग को अलग-अलग तरह की न्याय गारंटी दे रही है।

**मोदी की गारंटी:** पीएम मोदी विकसित राष्ट्र, तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था, वंचितों का सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और युवाओं के विकास की गारंटी दे रहे हैं। खुद पीएम जनसभाओं में मोदी की गारंटी और भरोसे की चर्चा कर रहे हैं।

**कांग्रेस की न्याय गारंटी:** न्याय गारंटी के हथियार से तेलंगाना, हिमाचल और कर्नाटक में जीती कांग्रेस, इसे राष्ट्रीय स्तर पर भुनाना चाहती है। दो देशव्यापी न्याय यात्रा से चार प्रमुख वर्गों किसान, युवा, महिला और गरीब को उनकी समस्याएं खत्म करने की गारंटी दे रहे हैं।

**बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि :**

**विपक्ष:** बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि के मुद्दों को केंद्र में लाकर युवाओं और आम लोगों का समर्थन हासिल करने की कोशिश में है।

**एनडीए:** मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने के साथ विभिन्न वर्गों के सशक्तीकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने का हवाला दे रहा है।

**हिंदुत्व-राष्ट्रवाद के मुद्दे :** भाजपा की झोली हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मामले में उपलब्धियों से भरी हुई है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 का खात्मा, सीएए लागू करना, उत्तराखंड से समान नागरिक संहिता की शुरुआत, तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाने जैसी उपलब्धियां हैं, जिस पर भाजपा आक्रामक तरीके से विपक्ष को घेर रही है।

**अमृत काल :** भाजपा अपनी सरकार की दस साल की उपलब्धियां गिनाकर चुनावी मुद्दे को अमृतकाल बनाम अन्य काल के रूप में बदलने की कोशिश कर रही है। संसद में पेश श्वेत पत्र इसी रणनीति का हिस्सा थी।

**चुनावी बॉन्ड :** चुनावी बॉन्ड की सूचनाएं सार्वजनिक होने के बाद विपक्ष इसे मुद्दा बनाने में जुटा है। विपक्ष का सरकार पर उद्योगपतियों-कारोबारियों को धमकाकर चंदा लेने का आरोप है। बॉन्ड खरीद में विवादास्पद कंपनियां किन पर मेहरबान रहीं, यह रहस्य खुलेगा तो मुद्दे की आग और फैलेगी।

**किसान :** मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कृषि क्षेत्र चर्चा में रहा। सरकार को कृषि बिल वापस लेने पड़े। अब एमएसपी की कानूनी गारंटी पर सरकार व विपक्ष के बीच रस्साकशी जारी है। सरकार का दावा है कि किसान हित में इतने फैसले लिए, जितने पहले कभी नहीं हुए।